

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 133 | ग्वालियर,23 जनवरी मंगलवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन जयपुर के खजाना महल में पर्यटकों की उमड़ी भीड़, रामसेतु कुंड के तैरते पत्थरों की पूजा



उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामभक्तों में जोरदार उत्साह देखने को मिल रहा है. इस दिन को सभी लोग त्योहार की तरह मना रहे हैं. बल्कि लोगों का यह कहना है कि शायद ही पिछले 200 वर्षों के इतिहास में कोई ऐसा भव्य समारोह इस धरती पर हुआ होगा. इस शुभ दिन पर जयपुर में भी दिवाली जैसा माहौल रहा. यहां जेम्स एंड ज्वेलरी के म्यूजियम खजाना महल में भी पर्यटकों की आवाजाही रही. पंडितों की तरफ से रामसेतु के तैरते पत्थरों की पूजा, अर्चना, मंत्रोच्चार के साथ प्रसादी का वितरण भी किया गया. रामेश्वरम के बाद जयपुर का खजाना महल संभवत एक ऐसा स्थान है, जहां की कुंड में रामनामी अद्भुत पत्थर तैरते हुए दिखते हैं. भगवान श्री राम जी की लंका पर विजय गाथा के साक्षी होने का साक्षात प्रमाण देता है. आज कई पर्यटकों इन अद्भुत पत्थरों को देखकर छू कर इतने भावुक हो गए कि उनकी आंखें भर आई. पर्यटकों ने 13650 कैरेट के रूबी पत्थर से बनी राम दरबार की मूर्ति की भी पूजा अर्चना का लाभ भी लिया.

**रामसेतु में इस्तेमाल हुए पत्थरों को देखने आते हैं लोग**–खजाना महल के फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि अब से रोजाना इस रामसेतु कुंड में तैरते पत्थरों की पूजा अर्चना की जाएगी. अनूप बताते हैं कि वैसे तो यह पत्थर पिछले लगभग एक वर्ष से इस कुंड में तैर रहे हैं. पर्यटक इसको उत्सुकता के साथ देखते भी हैं. पर जब से रामलाल की अयोध्या में स्थापना की घोषणा हुई है. प्रभु श्रीराम के संघर्ष और लंका विजय का प्रतीक रामसेतु के पवित्र पत्थरों को देखने का नजरिया बदल गया है.यहां आने वाले लोगों में यह तैरते पत्थर आस्था का विषय बनता जा रहा है. अब यह मात्र दर्शनीय नहीं है. बल्कि पूजनीय हो गए हैं. इसका उदाहरण है कि कुछ लोग जूते उतार कर ही इनको छूते हैं. कुछ लोग छूकर राम नाम का जाप करने लगते हैं. बड़े बुजुर्ग बच्चों को इस पत्थर का महत्व और गाथा बताते हैं.जल महल जयपुर स्थित खजाना महल देश का पहला ऐसा अनूठा म्यूजियम है. जहां आपको ब्रह्मांड के लगभग सभी तरह के पत्थर तथा ज्वेलरी देखने को मिलेगी. जिसमें रामसेतु के पत्थर के अलावा टूटा तारे जिसे उल्का पिंड कहा जाता है. उसको भी आप साक्षात देख सकते हैं.

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव बोले- भगवान के दर्शन करने से रोकने से बड़ा अधर्म.



अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद राम भक्तों का उत्साह चरम पर है. इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव की भी पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भगवान के दर्शन करने से रोकने को अधर्म बताया. हालांकि उन्होंने साफ नहीं किया कि किसे भगवान के दर्शन करने से रोका गया.सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, ÷किसी को भी भगवान के दर्शन करने से रोकने से बड़ा अधर्म और क्या हो सकता है.÷ बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता भेजा गया था. उन्होंने न्योते को बीजेपी और आरएसएस का कार्यक्रम बताते हुए सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी न्योता मिलने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाई. उन्होंने भगवान के दर्शन से रोके जाने पर सवाल उठाए.

**भगवान का दर्शन करने से रोकने से बड़ा अधर्म और क्या**–अखिलेश यादव ने स्पष्ट नहीं किया कि भगवान का दर्शन करने से किसे रोका गया है.

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर राज्यपाल कलराज मिश्र बोले-भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा

राम मंदिर को लेकर राजस्थान में खूब उत्साह है. चारों ओर खूब जश्न मनाया जा रहा है. इसके साथ ही पूरा राजस्थान राममय हो चुका है. आज यानी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन और भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई और भगवान राम अपने मंदिर में विराजे. जिसको लेकर पूरा देश भक्तिमय हो चुका है. तो वहीं पूरे देश में जश्न का माहौल है. इस बीच अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर कहा,लोग भगवान राम के आगमन का अनुभव कर रहे हैं. उनका मानना है कि उनके आगमन से भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा. पीएम मोदी के साथ देश में रामराज्य की स्थापना होगी. उन्होंने कहा कि माध्यम रूप में पीएम मोदी सार्वभौमिक भाईचारे की भावना को मूर्त रूप देंगे. यह मंदिर कोई अन्य मंदिर नहीं है. यह मानवता, भारतीय संस्कृति कुटुंबकम का प्रतीक है.

**राम मंदिर पर क्या बोले कलराज मिश्र**–कलराज मिश्र ने कहा कि आज अयोध्या पर पूरे विश्व की निगाह है. उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनाने लिए लगातार आंदोलन चलता रहा, लोगों ने बलिदान दिया. अनेको बलिदान के बाद, सुप्रीम



कोर्ट के फैसले के बाद बाबरी मस्जिद के स्थान पर मंदिर बनाया गया. इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की भी तारीफ की. उन्होंने पीएम मोदी के बारे में कहा कि उन्होंने जिस तरह से काम किया वह काबिले तारीफ है. क्योंकि उन्होंने इस दौरान किसी को भी निराश नहीं किया और उसका ही परिणाम रहा कि राम मंदिर बनना प्रारंभ हुआ और आज भव्य राम मंदिर बनकर तैयार **भारत नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगा-कलराज मिश्र**–कलराज मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास किया और पीएम कुछ देर के बाद ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी किया. उन्होंने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिवस है. इसको शब्दों में नहीं बताया जा सकता है. उन्होंने कहा कि लोगों को लग रहा है कि आज मेरे राम हैं. क्योंकि राम आ गए हैं. उन्होंने आगे कहा कि लोगों को लग रहा है कि श्री राम दिल के अंदर ही हैं. उन्होंने कहा है कि लोगों को साफ दिख रहा है कि श्री राम आ गए हैं और अब भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा. बता दें कि आज यानी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई. जिसके बाद रामलला मंदिर में विराजमान हो गए. रामलला की नई मूर्ति कर्नाटक स्थित मैसूर निवासी अरुण योगीराज ने बनाई है. इस प्रतिमा की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा की वैदिक क्रियाओं के साथ की गई. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई नेता और गणमान्य पहुंचे. प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में जश्न का माहौल है तो वहीं पूरा देश आज शाम दीपोत्सव की तैयारी कर रहा है.

## आयुष्मान भारत योजना का हिस्सा बनेंगे मध्य प्रदेश के कर्मचारी-संविदाकर्मी? सरकार कर रही खास तैयारी

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार सरकार ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है. सरकार द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारी व कार्यकर्ता, संविदाकर्मियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत निरामयम में शामिल किए जाने की कवायद शुरू हो गई है. इसमें संविदाकर्मियों के हर परिवार को हर साल पांच लाख रुपये तक दिए जाएंगे.

9 सदस्यीय कमेटी का गठन-आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने आवश्यक दिशा निर्देश तय करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है. समिति के सदस्य सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम



मध्य प्रदेश होंगे.समिति में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सदस्य होंगे.

संविदाकर्मियों को प्रति परिवार पांच लाख रुपये-समिति प्रदेश के शासकीय कर्मचारी-कार्यकर्ता व संविदाकर्मियों को आयुष्मान भारत निरामयम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत, पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अतिरिक्त, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा एवं ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, कोटवार एवं संविदाकर्मियों को प्रतिवर्ष, प्रति परिवार, पांच लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी करेगी.

## ठंड से बचने के लिए कमरे में जलाई थी अंगीठी, दम घुटने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत



भीषण ठंड से जूझ रहे लाखों लोगों को राहत देने के लिए सरकार अलाव और कंबल बांट कर राहत पहुंचाने का काम कर रही है लेकिन ठंड में कानपुर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई है. इस मौक के अनोखे कारण ने पुलिस से लेकर जनता तक को हैरान कर दिया है, कमरे में अंगीठी जलाकर सोने वाले एक परिवार के 3 सदस्यों की दम घुटने से मौत हो गई है.दरअसल ठंड से बचत के चलते राहत के दृष्टिकोण से हर शख्स अपने अपने प्रयास कर रहा है. वहीं कानपुर के जूही थाना क्षेत्र के बस्ती में रहने वाले परिवार पूनम चंद्र शर्मा घर में ठंड से बचाव के चलते कमरे में अंगीठी जलाकर आग सेक रहे थे. तभी सोने के समय जलती हुई अंगीठी को बुझना भूल गए और कमरे को बंद कर पूरा परिवार सो गया. जिसके बाद कमरे में ऑक्सीजन खत्म होने के चलते सो रहे परिवार के तीन सदस्यों की सुबह दम घुटने के चलते मौत हो गई.वहीं घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त रविंद्र कुमार ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की ओर बताया की ये परिवार ठंड के चलते रात में अंगीठी जलाकर कमरे में सो गया था.

## बीजेपी सांसद ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को बताया ऐतिहासिक दिन, सफाई कर्मचारियों के धोए पैर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हमीरपुर महोबा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सनातन एकता का संदेश दिया. उन्होंने अपने आवास पर सफाई कर्मियों के चरण पखारे. बीजेपी नेता राहुल अग्रवाल ने प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना का आयोजन किया था. सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने शुभ मुहुर्त में भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर हवन कुंड में आहुति दी. कार्यक्रम में ढोल नगाड़ों के बीच लोग नाचते गाते नजर रहे.

**सफाई कर्मियों का चरण धोकर सांसद ने दिया सनातन एकता का संदेश**–रामलला के विराजमान होने की खुशी लोगों में चरम पर थी. सांसद ने भी अनुसूचित जाति के 6 सफाई कर्मियों का चरण धोकर सनातन एकता का संदेश दिया.

## राम मंदिर में भीड़ से घिरे अमिताभ बच्चन के पास पहुंचे पीएम मोदी, पहले हाथ जोड़े फिर पूछा ये सवाल?

अयोध्या में आज रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरे विधी विधान के साथ संपन्न हुआ. इस समारोह में शामिल होने के लिए बॉलीवुड के कई दिग्गज एक्टर्स को न्योता भेजा गया था. इन्हें स्टार्स में सबसे बड़ा नाम अमिताभ बच्चन का था. अमिताभ बच्चन अपने एक्टर बेटे अभिषेक बच्चन के साथ अयोध्या पहुंचे थे. इस दौरान बिग बी पारंपरिक परिधान में नज़र आए. प्राण प्रतिष्ठा के संपन्न होने के बाद अमिताभ बच्चन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.



**भीड़ से घिरे अमिताभ बच्चन के पास पहुंचे पीएम मोदी** -वायरल वीडियो में पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर आए सभी मेहमानों का अभिवादन कर रहे थे. इसी दौरान पीएम मोदी भीड़ से घिरे अमिताभ बच्चन के पास पहुंचे. पीएम मोदी ने पहले तो अमिताभ बच्चन का अभिवादन किया और फिर उनसे बात की. इस दौरान दोनों ही एक दूसरे से मुसकान के साथ हाथ जोड़ते नज़र आए.

**पीएम मोदी ने अमिताभ बच्चन से क्या पूछा**–दरअसल वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पीएम मोदी अमिताभ बच्चन से उनके हाथ की सर्जरी के बारे में पूछ रहे हैं. इसके बाद अमिताभ बच्चन अपने दाएं हाथ की ओर इशारा करते हैं. अमिताभ बच्चन ने हाल ही में खुलासा किया था कि उनके हाथ की सर्जरी हुई है. बिग बी पिछले साल टीवी के पॉपुलर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति में हाथ पर बैंडेज लगाए दिखे थे.

**कार्यक्रम में ये हस्तियां हुई शामिल**–बता दें कि अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन के अलावा अभिनेता रजनीकांत, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, चिरंजीवी, कैटरीना कैफ, विक्की कौशल, निर्देशक रोहित शेट्टी, आयुष्मान खुराना, सिंगर शंकर महादेवन, सोनू निगम, निर्देशक मधुर भंडारकर और अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने, उनके पति श्रीराम नेने समेत कई हस्तियां राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे.

## राम मंदिर मामले से हिंदुओं को मिली है तप करने कि सिद्धि, ज्ञानवापी और मथुरा पर भी कोर्ट करें अपना काम

ज्ञानवापी हो या मथुरा दोनों जगहों के लिए भक्तगण कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे है. उन भवनों के अंदर जा करके ये बात मालूम पड़ेगी कि वो जगह, उनकी प्रकृति मंदिर की है.



अगर कहीं शिवलिंग मिल जाए बड़ा सा तो वो जगह मंदिर ही हो सकती है. काशी में शिव लिंग मिला है. न्याय तभी हो सकता है जब सत्य का पता हो. और सत्य का पता सर्वे करने से चलेगा. इसलिए सभी लोगों ने मिलकर विश्वास पूर्वक सर्वे का समर्थन करना चाहिए था. अयोध्या की बात की जाए तो यह मामला कोर्ट में 70 सालों तक चला है.70 सालों तक केवल तारीखें देते थे. 1992 में जो जगह हमारी थी, हाईकोर्ट से कहा गया कि यहां काम करने दो. लेकिन उन्होंने इसकी अनुमति नहीं दी. फैसला लिखवा लिया लेकिन घोषित नहीं किया. इससे हिन्दुओं का धैर्य टूट गया. वहीं काशी और मथुरा के मामले में कोर्ट देरी नहीं कर रही है. वो अपने सामने आये विषयों को निपटाते हुए आगे बढ़ रही है.

**यदि प्रकृति से जगह हिंदुओं की, तो उन्हें दें**–यदि काशी की वो जगह हिन्दू प्रकृति की है तो वो जगह हिन्दुओं को मिलनी चाहिए. 1991 का कानून भी यही कहता है और आज के समय में टेक्नोलॉजी के जमाने में किसी भी भवन को तोड़ने की आवश्यकता नहीं है. भवन को टेक्नोलॉजी के माध्यम से कहीं और शिफ्ट किया जा सकता है. स्पेशल वर्शिप एक्ट में यह कहा गया है कि आजादी के बाद के पूजा स्थल जैसे थे वैसे ही रहेंगे. लेकिन ये नहीं कहा गया था कि जिस जगह जो पूजा है, वो चलती रहेगी. उन्होंने ये कहा था कि जिस जगह की जो प्रकृति है वो प्रकृति बदली नहीं जायेगी. ये कोर्ट द्वारा देखा जाएगा कि उस जगह की प्रकृति क्या है. इस बात के बावजूद कि वहां नमाज पढ़ी गई की नहीं पढ़ी गई. अगर उसके अंदर शंख, चक्र, गदा या बाकी देवताओं के चिह्न या चित्र ज्ञानवापी पर पाए, जो शिव लिंग वजूखाने में मिला है, तो उस स्थान की क्या प्रकृति है ये फैसला कोर्ट द्वारा लिया जाएगा.

**कोर्ट को तय करने दें मामला**–ये भी एक तरह का तप ही है, तप हिन्दू समाज राम जन्मभूमि मामले में कर चुका है. राम जन्मभूमि से हिन्दू समाज को अपनी बात कहने, उसपर अड़ने, असके पक्ष में प्रमाण ढूढंने और उसके पक्ष में सही तर्क तक पहुंचने में सिद्धता प्राप्त हुई है. मणि शंकर अय्यर ने अपने एक लेख में यह लिखा है कि उन्होंने राजीव गांधी से पूछा था तब राजीव गांधी ने यह जवाब दिया था कि ताला खुलने का उनको कोर्ट के आदेश के बाद मालूम पड़ा. वो निर्णय न्यायालय का था. 1989 में जब बीजेपी ने पालमपुर में राम मंदिर का प्रस्ताव पास किया था, तब से वो राम भगवान के साथ खड़ी है. बाकी पक्षों को भी यह तय करना है कि वो कहां खड़े है. यदि सब राम भगवान के साथ होंगे तो किसी को फायदा या नुकसान नहीं होगा. पर यदि कोई राम भगवान पर अपनी आंखे तरेरता ही रहेगा तो फिर ये उनका दुर्भाग्य है. देश में अच्छे गुणों का विकास हो अब इसके लिए प्रयत्तन करेगें. समरस्ता के लिए प्रयास करेंगे, गौ सम्वर्द्धन के लिए काम करेंगे, संस्कृत के लिए काम करेंगे. हम ये नहीं कह रहे है कि हिन्दू राष्ट्र बनाओ, हम ये कह रहे है कि ये हिन्दू राष्ट्र है. और हम राष्ट्र कह रहे है, राज्य नहीं कह रहे है. संविधान में सभी धर्मो को मानने वालों को बराबर का नागरिक माना है. उनके अधिकार एक से हैं,

## दिल्ली में कड़ाके की ठंड से बढ़ी बिजली की खपत, टूटे अबतक के सभी रिकॉर्ड



राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह कड़ाके की ठंड पड़ी जिसके साथ बिजली की मांग अब तक के रिकॉर्ड स्तर 5,816 मेगावाट पर पहुंच गई. दिल्ली के स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पूर्वाह्न 10 बजकर 52 मिनट पर बिजली की अधिकतम मांग 5,816 मेगावाट रही.इससे पहले जाड़े में दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 19 जनवरी को 5,798 मेगावाट और 17 जनवरी को 5,726 मेगावाट रही थी. बिजली वितरण कंपनियों ने इस सर्दी में बिजली की मांग 5,760 मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई थी. वितरण कंपनियों के अधिकारियों के अनुसार, बिजली की मांग बढ़ने का मुख्य कारण सर्दी के साथ घरों को गर्म रखने वाले उपकरणों के लिए बिजली की मांग बढ़ना ह

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावुक हुए सीएम योगी, कहा- आज जीवन धन्य हो गया

अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं. वहीं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भुवकता के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखा है. सीएम योगी ने लिखा- ÷श्री अयोध्या धाम का यह दृश्य देखकर भावुक हूं, आह्लादित हूं. 500 वर्षों की प्रतीक्षा के उपरांत हमारे प्रभु श्री रामलला का पुनः अपने भव्य मंदिर में विराजमान होना भारत की सांस्कृतिक समृद्धि के नव अध्याय का शुभारंभ है. जय जय श्री राम !इसके साथ ही सीएम ने कहा- ÷आज जीवन धन्य हो गया ! शताब्दियों की प्रतीक्षा, प्रण और प्रार्थना आज श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ पूर्ण हुई. यह ऐतिहासिक एवं पुण्य अवसर बड़े सौभाग्य से प्राप्त हुआ है. पीढ़ियों के संकल्प की सिद्धि का साक्षी बनकर अभिभूत हूं, कृतज्ञ हूं, आह्लादित हूं. जय श्री राम !सीएम योगी ने कहा-÷शताब्दियों की साधना आज पूर्ण हुई ! धर्मधरा श्री अयोध्या धाम में आज प्रभु श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागी सभी



सम्मानित अतिथि गणों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक आभार. हम सौभाग्यशाली हैं कि सदियों के तप के पश्चात प्रभु रघुकुलनंदन श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं.इसके साथ ही सीएम योगी ने श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले पूज्य संतों, रामभक्तों समेत कोठारी बंधुओं और सभी कारसेवकों को नमन किया. सीएम योगी ने कहा ÷आप सभी का बलिदान श्रीरामभक्ति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जिसने मंदिर निर्माण के संकल्प को निरंतर मजबूत किया था. आप लोगों के बलिदान की अमर गाथा सदैव हमारे हृदय में गूंजती रहेगी.वहीं प्राण प्रतिष्ठा के बाद सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा था कि पीएम मोदी 2014 में आपके आगमन के साथ ही भारतीय जनमानस कह उठा था कि मोरे जियँ भरोस दृढ़ सोई, मिलिहहिं राम सगुन सुभ होई. इस दौरान सीएम ने कहा था इस अयोध्या नगरी को अवनि की अमरावती और धरती का बैकुंठ कहा गया, वह सदियों तक अभिशप्त थी, उपेक्षित रही, सुनियोजित तिरस्कार झेलती रही.

## श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मौ नगर मे जगह जगह भंडारे एवं रैली का आयोजन किया गया



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में समस्त राम भक्तों के द्वारा रैली निकाली गई जिसमें प्रभु रामचंद्र जी के जयकारे लगाकर जय घोष किए गए और भक्तों ने कई जगह भंडारे का आयोजन कराया जिसमें जगह-जगह लोगों को प्रसादी मिली ऐसी ठंड में लोगों की भक्ति देखें भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन आज मौ नगर में एक ऐसा



दृश्य देखने को मिला जैसे मौ नगर को अयोध्या बना दिया गया हो

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मालनपुर नगर मे जगह जगह भंडारे एवं रैली का आयोजन किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

आज मालनपुर नगर में समस्त राम भक्तों के द्वारा नगर में रैली निकाली गई जिसमें प्रभु रामचंद्र जी के जयकारे लगाकर जय घोष किए गए और भक्तों ने जगह जगह भंडारे का आयोजन कराया ऐसी ठंड में लोगों की भक्ति देखें भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन आज नगर में एक ऐसा दृश्य था की जैसे मालनपुर नगर को अयोध्या बना दिया गया हो ऐसे ही शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने स्कूल में सुंदर काण्ड करवा कर समस्त बच्चो को प्रसादी कराई और कहा कि हमारे और आपके लिए आज बड़े गर्व की बात है भगवान श्रीरामलला अपने घर में प्राण प्रतिष्ठा होकर विराजमान हो गए रामलला का 500 साल का बनवास आज खत्म हुआ इसी क्रम में मालनपुर उद्योग क्षेत्र स्थित सूर्या रोशनी





लिमिटेड कंपनी में सुंदरकांड एवं श्री राम के भजनों को कराकर इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह राम धुन एवं प्रसादी वितरित की कारखाना में जय श्री राम के नारों से फैक्ट्री परिसर राममय हो गया इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे सूर्य रोशनी प्लांट हेड तपन कुमार बंदोउपाध्याय एवं फैक्ट्री एच आर जी एम मुकुल चतुर्वेदी, मुकुल राय, अमरदीप तोमर, मानसिंह शेखावत सूर्या रोशनी पाइप डिवीजन हेड, एवं एवं समस्त दोनो



इकाइयों के एवं कर्मचारी भजन मंडली आदि सम्मिलित हुए

## कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी श्री राठौर आज आएंगे कार्यकर्ताओ से करेंगे संवाद



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भिण्ड दतिया लोकसभा के प्रभारी कांग्रेस नेता विधायक नितेंद्र सिंह राठौर आज कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संवाद करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस को देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज ने बताया आज दिनांक 23 जनवरी 2024 को दोपहर 02 बजे बीटीआई रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर लोकसभा चुनाव के संबंध में कार्यकर्ता से जन संवाद करेंगे । जिसमें लोकसभा के प्रभारी विधायक नितेंद्र सिंह राठौड़,पूर्व मंत्री विधायक रामनिवास सिंह रावत, मध्य प्रदेश विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे,पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह,विधायक केशव देसाई,पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे सभी ब्लॉक अध्यक्ष मंडलम,सेक्टर के अध्यक्ष, प्रदेश के पदाधिकारी,विधायक,पूर्व विधायक,पार्षद पूर्व पार्षद प्रदेश के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन के अध्यक्षगण,पदाधिकारीगण व सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

## मंदिरों में दर्शन करने पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा, दीपोत्सव पर्व की तरह गौशाला में गायों की गई पूजा





**सिरोंज** अयोध्या में जन्मभूमि के स्थान पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास सुबह से ही देखने को मिलने लगा था जहां मंदिरों में सुबह से ही भजन कीर्तन सुंदरकांड जैसे धार्मिक आयोजन होना प्रारंभ हो गये थी वहीं क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने स्वनिवास पर भगवान राम के बाल रूप की पूजा अर्चना एवं आरती की इसी क्रम में गणेश अथाई स्थित गणेश मंदिर, शहर के प्राचीन रामलला मंदिर, क्षत्री स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए एवं क्षेत्र की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की । वही दोपहर के समय विधायक उमाकांत शर्मा श्री कृष्ण गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठित होने के उपलक्ष में, दीपोत्सव पर्व की तरह गायों की पूजन की उन्हें चारा खिलाने के साथ-साथ कहा कि आज का दिन आनंद का दिन है खुशी का दिन है यह दिन भूतों न भविष्यति वाला दिन है।

**रामलला मंदिर में एलईडी पर देखा लाइव प्रसारण-** मंदिरों में सुबह से ही आनंद और उत्सव राम भक्तों के द्वारा मनाना प्रारंभ कर दिया गया था वहीं शहर के प्राचीन रामलला मंदिर में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भक्तों के द्वारा देखा गया इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

**हनुमान मंदिर पहुंचकर विधायक उमाकांत शर्मा ने क्षेत्र वासियों को दी बधाई-** शहर के प्राचीन छतरी स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर विधायक उमाकांत शर्मा ने हनुमान जी महाराज के दर्शन किये एवं सभी क्षेत्रवासियों, देशवासियों को भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठित होने कि सभी को बधाई दी और कहा कि अभी भगवान श्री राम की स्थापना अयोध्या में हो रही है आगे मथुरा में भी श्री कृष्ण जन्मभूमि पर भगवान श्री कृष्ण की स्थापना होना है वही राम राज्य का अर्थ बताते हुए कहा कि राम के राज्य का आशय है हम सभी को मिलजुल कर रह कर धर्म की स्थापना करना, यही हमारा उद्देश्य है।शाम के समय कैथन नदी पर हुआ दीपदान शाम के समय नगर की प्राचीन कैथन नदी त्रिपुर सुन्दरी घाट पर पर दीप दान किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे भक्तजन उपस्थित रहे

## श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन संध्या सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम की अयोध्या में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर होने वाले 22 जनवरी को दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर सीरवी समाज कनकपुरा रोड जरगनहल्ली श्री आईमाता वढेर में दीपोत्सव व रविवार को भजन संध्या व सोमवार को सुबह सुन्दरकांड पाठ व संकीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। सोमवार सुबह हवन कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष पेमाराम गेहलोत, उपाध्यक्ष मोहनलाल राठौड़, सचिव रतनलाल काग सह-सचिव मोहनलाल हाम्बड़ महिला मंडल अध्यक्ष सुखीदेवी ने हवन में आहुति देकर धर्मलाभ लिया। महिलाओं ने भजन कीर्तन किए।प्रसादी का वितरण किया। संध्या व सुन्दरकांड पाठ में काफी श्रदालु आये और सुन्दरकांड पाठ का आनंद लिया।

## बीएसपीएल सीजन 8 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मागडी रोड स्थित आईधाम मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 8 बजे आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व आरती के बाद राष्ट गान के साथ सभी टीमों ने परेड के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में समाज की कुल 10 टीमों ने भाग लिया । संस्था के सचिव अमराराम चोयल ने खिलाड़ियों और समाज बंधुओ को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया सह-सचिव भंवरलाल गहलोत,खेल मंत्री कैलाश भायल, दुदाराम काग, एवं बलेपट वडेर के समस्त कमेटी मेंम्बर उपस्थित रहे। खेल मंत्री कैलाश भायल ने बताया कि 28 फरवरी को फाइनल मैच खेला जाएगा। संस्था के सचिव अमराराम चोयल ने कहा कि सीरवी समाज कर्नाटक बलेपेट वडेर द्वारा समाज में छिपी प्रतिभाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने हेतु आने वाले 4 फरवरी को वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के युवाओं का इसमें भरपूर सहयोग रहा। उन्होंने प्रयोजकों, टीम मालिकों खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेल मंत्री कैलाश भायल ने खिलाड़ियों को खेल की भावना और अनुशासन में खेलने के लिए आग्रह किया।

## अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बनाई गई ग्वालियर एवं चंबल सँभाग की सबसे बड़ी रंगोली

### 250 किलो रंगों से 2500 वर्गफीट रंगोली द्वारा राम मंदिर का किया गया चित्रण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भिण्ड जिले के युवाओं द्वारा चंबल एवं ग्वालियर सँभाग की सबसे बड़ी रंगोली बनाई गई। एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड में 2500 वर्गफीट रंगोली द्वारा राम मंदिर का चित्रण किया गया। इस रंगोली में 250 किलो रंगों का प्रयोग किया गया। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव एवं एसपी डॉ असित यादव ने रिबन काटकर इसका अनावरण कर




छात्रों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य भिण्ड जिले तस्वीर बदलने में योगदान करेंगे। पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव भी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय रंगोली कलाकार भूपेंद्र सिंह चौहान के साथ उनके सहयोगी रविकांत, यश, अभिषेक ने रंगोली बनाई। इसका सहयोजन भारतीय शिक्षण मंडल के अश्वनी भदौरिया, सौरभ पुरोहित, कृष्णा बौहरे द्वारा किया गया।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा वसुधैव कुटुंबकम की स्थापना भी है। यह साक्षात मानवीय मूल्यों, सर्वोच्च आदर्शों की प्राण-प्रतिष्ठा है। जिसकी आवश्यकता संपूर्ण विश्व को है। आज 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आम जनमानस को संबोधित किया। अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण खरगोन जिले के प्रमुख मदिरों एवं स्थानों पर भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में देखा गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में श्री राम का मंदिर केवल मंदिर नहीं यह भारत के दिग्दर्शन, देश की चेतना का मंदिर है। प्रभु श्री राम भारत की चेतना, चिंतन, प्रवाह, प्रताप आदर्श के प्रतीक है। राम नेति भी हैं और नीति भी है। राम व्यापक हैं, राम विश्व है, विश्वात्मा है। राम की प्रतिष्ठा का प्रभाव हजारों हजार वर्षों के लिए होता है। अयोध्या में श्रीराम हजारों वर्षों के लिए प्रतिष्ठित हुए हैं। राम राज्य की स्थापना विश्व का पथ प्रदर्शन



करेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कालचक्र बदल रहा है। यह सुखद क्षण है। जब हमारी पीढ़ी को कालजयी शिल्प को बनाने के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र समय से अगले एक हजार वर्ष बाद के भारत की नींव रखी जा रही है। समय की मांग है कि दिव्य और विलक्षण भारत के निर्माण में चेतना और अंतर्मन का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि देव से देश और राम से राष्ट्रीय चेतना का विस्तार करना होगा। तभी सक्षम और दिव्य भारत का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो अपने आपको कम आंकते हैं। उन्हें गिलहरी के योगदान का स्मरण करना होड़

## परीक्षा पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलायें जाने के विरूद्ध चलाये जागरूकता अभियान



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रदेश में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य परीक्षाओं के सोशल मीडिया पेपर लीक संबंधी भ्रामक जानकारी फैलाएँ जाने के विरूद्ध जिला कलेक्टर्स को स्कूल शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किये है। इस अभियान में शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर विद्यार्थियों से धोखाधड़ी करने वाले कई ग्रुप सक्रिय हो जाते है। यह ग्रुप झूठी जानकारी देकर भ्रम की स्थिति पैदा करते है। कई ग्रुप पैसों की मांग करते है और विद्यार्थियों को फर्जी पेपर उपलब्ध कराते है। इसके अलावा यह ग्रुप विद्यार्थियों को विभिन्न गेमिंग और अन्य हानिकारक सामग्री उपलब्ध कराने वाले एप्स से भी जोड़ देते है। इस वजह से विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आर्थिक हानि होने के साथ मानसिक तकलीफ का भी सामना करना पड़ता है। यह ग्रुप जालसाजी करके विद्यार्थियों से यूपीआई डिटेल्स भी प्राप्त कर लेते है और ब्लेकमेल भी करते है। इन गतिविधियों के रोकने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने का प्रयास कर रहा है। तत्काल सूचना देने की अपील स्कूल शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि उनके साथ इस तरह के कोई भी प्रस्ताव सोशल मीडिया एवं अन्य साधनों से प्राप्त होते है तो उन पर विश्वास न करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और कलेक्ट्रेट में इसकी जानकारी दें। इन सोशल ग्रुप के खिलाफ पुलिस के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जायेगी

## बिना अनुमति के डीजे एवं स्पीकर बजाने का मामला,एक व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज, आयशर एवं स्पीकर जब्त

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

सक्षम अधिकारी की अनुमति के बैगर रात्री में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिलने पर गणेश चौक, इंदिरा नगर खरगोन निवासी राधेश्याम पिता सीताराम पाटिल के विरूद्ध खरगोन थाने में भादवि की धारा 188 एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है और डीजे बजाने के लिए उपयोग किये जा रहे आयशर वाहन क्रमांक एमपी-09-केबी-2524 एवं उसमें लगे स्पीकर एवं अन्य सामग्री को जब्त कर लिया गया है। 21 जनवरी 2024 की रात्री में दसोरा धर्मशाला के पास आयशर वाहन क्रमांक एमपी-09-केबी-2524 में तेज आवाज में डीजे बजाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कोतवाली थाना के सहायक उपनिरीक्षक एवं उपनिरीक्षक द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई तो पाया गया कि आयशर वाहन के पीछे डीजे सेट लगा हुआ है और उसमें 90 डेसीबल से अधिक ध्वनि में डीजे स्पीकर बजाया जा रहा है। वाहन चालक से डीजे बजाने एवं स्पीकर के उपयोग संबंधी अनुमति पूछने पर चालक द्वारा बताया गया कि इसकी कोई अनुमति नहीं है। कलेक्टर कार्यालय खरगोन द्वारा 20 दिसंबर 2013 को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में जारी आदेश एवं मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने जाने पर आयशर वाहन चालक राधेश्याम पाटिल के विरूद्ध थाना खरगोन में एफआईआर दर्ज की गई है । वाहन चालक राधेश्याम पाटिल के कब्जे से आयशर वाहन क्रमांक एमपी-09-केबी-2524 और उसमें पीछे रखे चार स्पीकर, 08 एम्पलीफायर, एक मिक्सर डायनाटेक कंपनी का एवं क्रास ओवर जब्त कर लिया गया है।

## आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को गूंज उठे जय श्री राम के नारे

**विवेक राय की रिपोर्ट**





ककरवाहा इंद्रानगर तिराहा 7 -घर-घर फहराने लगे भगवां ध्वज, जयश्री राम के गूंजने लगे जयकारे -श्रीराम की पूरे गांव में कलश यात्रा की निकाल रैली, डीजे के साथ सारे गांव के ग्रामीण इकट्ठे होकर श्री राम के नारे लगाते हुए सारे गांव में निकली गई कलश यात्रा आज महाआरती के साथ दीपोत्सव हुआ सभी मंदिरों में सोमवार को ककरवाहा के सारे गांव में धर्ममय नजर आने लगा है। भगवां ध्वज घर-घर पर फहराने लगे हैं। श्रीराम के आगमन की खुशियां गांव के सहित आसपास के इलाकों में दिखाई दे रही है। गांव के बिजली टोरिया मंदिर में अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन और दीपोत्सव सहित अनेक धार्मिक आयोजन की गए और तैयारियां से हुआ कार्यक्रम आज सोमवार को गांव सहित जिले भर में मंदिरों एवं मुहल्लों में कीर्तन एवं भजन किए जाएंगे और पूजा-अर्चना के साथ प्रसादी होगी। राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। बताया गया है कि 22 जनवरी सोमवार को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत आज ककरवाहा इंद्रानगर तिराहा से कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई। इस दौरान से निकाली गई यात्रा में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। युवाओं ने गांव भ्रमण कर लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई दी। मंदिर के अध्यक्ष पर्वत राय जी ने बताया कि ककरवाहा इंद्रानगर तिराहा से ट्रैक्टर से रैली शुरू हुई। इसके बाद नरसिंह मंदिर से होकर बड़ी माता मंदिर तक और बिजली टोरिया पर होगी समापन

## जिला खरगोन एक बार पुनः सीएम हेल्प लाइन 181 की शिकायतों के निराकरण प्रदेश में पहले पायदान पर कायम

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत मुलाकात कर शिकायतों को निराकरण किया । प्रथम स्थान अर्जित करने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना प्रभारी एवं शिकायत शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय खरगोन की प्रशंसा की माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री मोहन यादव जी के द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही बहुआयामी योजना सीएम हेल्प लाइन 181 के तहत समस्त सरकारी विभागों में आमजन को समय पर सहायता न मिलने की स्थितियों में आमजन सीधे सीएम हेल्प लाइन नंबर 181 पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकता है । उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायत को संबंधित विभाग को ट्रांसफर कर उसके जल्द से जल्द निकाल हेतु वरिष्ठ कार्यलयों द्वारा सुपरविजन किया जाता है । इसी प्रकार पुलिस से संबंधित शिकायतों का पूरा लेखा जोखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी रखा जाता है, जिसमें पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया गया साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत मिलकर उनकी बताई समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप खरगोन जिला एक बार पुनः सीएम हेल्प लाइन के निराकरण में पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व के कारण प्रदेश में शिकायतकर्ता की सीएम हेल्प लाइन शिकायतों का निराकरण कर संतुष्टि पूर्वक बन्द कराने में प्रदेश मे प्रथम स्थान पर कायम है । उक्त उपलब्धि प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना प्रभारी एवं शिकायत शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय खरगोन के आर. राधेश्याम के उत्साहवर्धन हेतु उनकी प्रशंसा की ।

# जिले भर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम के स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी वह क्षण आज आ गया है। अनगिनत लोगों के संघर्ष और बलिदान के बाद आज भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है और इसमें भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। भगवान राम चेतना, ऊर्जा और भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। भगवान राम सदियों से हमारे मन में बसे हुए हैं। आज का दिन दिव्य, भव्य और विकसित भारत बनाने की नीव रखे जाने का दिन है। इस पावन अवसर पर आज हर भारतवासी राम




सेवा से राष्ट्र सेवा का संकल्प ले। सबके सहयोग से यह देश निश्चय ही विश्वगुरू बनकर विश्व में स्थापित होगा। मंदिर निर्माण के लिए न्यायपालिका ने निर्णय देकर मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम किसी धर्म विशेष के नहीं हैं। भगवान राम सबके हैं। उनका चरित्र सर्वश्रेष्ठ है। भगवान राम की कथा हमारे आध्यात्मिक चिंतन और सामाजिक जीवन का आधार है। भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम हैं। भगवान राम आग नहीं ऊर्जा का स्रोत हैं। भगवान राम समस्या नहीं समाधान हैं। हम सब मिलकर भगवान राम के आदर्शों के अनुसार देश का निर्माण करेंगे। भगवान राम ने शबरी के बेर खाए और निशादराज को अपना मित्र बनाया। भगवान राम की चेतना और अलौकिक दृष्टि का प्रभाव सब पर है। रीवा में पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पूर्व महापौर श्री शिवेन्द्र सिंह, पार्षदगण तथा ब?ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण में शामिल हु

# उप मुख्यमंत्री ने सीवर निर्माण तथा रिवर फ्रंट निर्माण का किया निरीक्षण



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र में चल रहे सीवर निर्माण कार्य तथा बीहर रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।



बाबा घाट में बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण बारिश के पहले हरहाल में पूरा कराएं। इसके लिए स्थान निर्धारित कर दिया गया है। आवश्यक पाइप का तत्काल आर्डर दे दें। बीहर नदी में किसी भी स्थिति में गंदा पानी नहीं जाना चाहिए। नगर की स्वच्छता के लिए भी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण अनिवार्य है। इसके अलावा बिछिया तथा अन्य स्थानों पर बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों का निर्माण भी तेजी से पूरा कराएं।उप मुख्यमंत्री ने रिवर फ्रंट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि अच्छी गुणवत्ता के पेवर ब्लॉक लगाएं। निर्धारित स्थलों पर वृक्षारोपण तत्काल आरंभ कराएं। रोपित पौधों की सुरक्षा तथा देखभाल के उचित प्रबंध करें। पुलिस अधीक्षक पचमठा में आवश्यक सुरक्षा बल तैनात कर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नियंत्रण करें। असामाजिक तत्वों द्वारा आमजनता के लिए किए गए निर्माण कार्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


# जिले भर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम के स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज हमारे राम आ गए हैं। सदियों से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी वह क्षण आज आ गया है। अनगिनत लोगों के संघर्ष और बलिदान के बाद आज भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है और इसमें भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। भगवान राम चेतना, ऊर्जा और भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। भगवान राम सदियों से हमारे मन में बसे हुए हैं। आज का दिन दिव्य, भव्य और विकसित भारत बनाने की नीव रखे जाने का दिन है। इस पावन अवसर पर आज हर भारतवासी राम सेवा से राष्ट्र सेवा का संकल्प ले। सबके सहयोग से यह देश निश्चय ही






विश्वगुरू बनकर विश्व में स्थापित होगा। मंदिर निर्माण के लिए न्यायपालिका ने निर्णय देकर मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान राम किसी धर्म विशेष के नहीं हैं। भगवान राम सबके हैं। उनका चरित्र सर्वश्रेष्ठ है। भगवान राम की कथा हमारे आध्यात्मिक चिंतन और सामाजिक जीवन का आधार है। भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम हैं। भगवान राम आग नहीं ऊर्जा का स्रोत हैं। भगवान राम समस्या नहीं समाधान हैं। हम सब मिलकर भगवान राम के आदर्शों के अनुसार देश का निर्माण करेंगे। भगवान राम ने शबरी के बेर खाए और निशादराज को अपना मित्र बनाया। भगवान राम की चेतना और अलौकिक दृष्टि का प्रभाव सब पर है। रीवा में पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पूर्व महापौर श्री शिवेन्द्र सिंह, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण में शामिल हुए।


# जिले भर में अयोध्या उत्सव की रही खुशी, कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### जिले भर में अयोध्या उत्सव की रही खुशी, कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** अयोध्या में श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण जिले में खुशी का माहौल रहा। अयोध्या उत्सव को लेकर जिले भर में सुबह से ही उत्साह का वातावरण रहा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने पचमठा मंदिर परिसर में प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिसर में स्थित विभिन्न देव प्रतिमाओं के दर्शन किये। श्री शुक्ल ने पचमठा मंदिर परिसर में नवनिर्मित वीर शिरोमणि रूपनबारी मंदिर का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री शहर के रानीगंज में न्यू डायमंड क्लब द्वारा आयोजित पूजा अर्चन कार्यक्रम एवं भण्डारे के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सिद्ध चिरहुलानाथ मंदिर में दर्शन कर मंदिर परिसर में 21 हजार दीपों को प्रज्जवलित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री जी को अयोध्या मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। श्री शुक्ल ने इको पार्क स्थित प्राचीन कुंडलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ग्राम बुढ़वा में विचार संगोष्ठी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**

।समता संपर्क अभियान के द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि जिला मुख्यालय रीवा से करीब 22 किलोमीटर दूर ग्राम बुढ़वा विकासखंड रायपुर कर्चुलियान में देश की आजादी के आंदोलन के महान योद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी दिन 10ः 30 बजे से रखी गयी है। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से राज्यसभा सदस्य पूर्व मंत्री राजमणि पटेल , समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे , लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह, माहेश्वरी त्रिपाठी , रामायण पटेल , कामरेड अरविंद त्रिपाठी , गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता , इंद्रमणि सिंह एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य कामरेड लालमणि त्रिपाठी , योगेश वर्मा, अनिल सिन्हा , युवा नेत्री नेहा त्रिपाठी आदि संबोधित करेंगे

# तहसील अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी गणो एवं क्षेत्रिय जनो के सहयोग से आयोजित हुआ गुढ़ तहसील में ऐतिहासिक कार्यक्रम



रीवा,गुढ़। 22 जनवरी को जहां एक ओर अयोध्या धाम मे भगवान श्री राम जी की वापसी एवं गृह प्रवेश के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है वही दूसरी ओर पूरे देश राम मय हो गया और पटाखो व हजारो हजार दिए जला कर दीवाली मनाई गई वही जिले के गुढ़ मुख्यालय केन्द्र तहसील प्रांगण में सर्वाजनिक रूप से आयोजित कार्यक्रम रामचरित मानस के साथ श्री राम जी के परम् भक्त हनुमंतलाल की पौष शुक्ल द्वादशी संवत 2080 दिन सोमवार 2024 के दिन प्रभु श्री राम भक्त श्री हनुमंत लाल जी मंदिर के गर्भ गृह मे विराजमान कर प्राण प्रतिष्ठा कर हवन पूजन किया गया तथा कार्यक्रम के अंत मे वरिष्ट अधिकारी व गुढ़ तहसील के पूर्व एस डी ओ आर एस त्रिपाठी, आर एस द्विवेदी, एस बी सिंह, के. पी. पाण्डेय का साल श्री फल से सन्तोष पाण्डेय एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गुढ़ दिलीप मिश्रा द्वारा सम्मानित कर विशाल भंण्डारे का आयोजन किया गया उपस्थित जन समुदाय राम भक्तो को भर पेट प्रसाद ग्रहण कराया गया इस आवसर पर गुढ़ विधायक नागेन्द सिंह, श्रीमती माया सिंह, मुनिराज पटेल, आपर कलेक्टर मऊगंज अशोक कुमार कोहरी, जिला कार्यालय रीवा कलेक्टर रीडर व्रजेश सिंह, एस डी एम गुढ श्री त्रिपाठी जी, तहसीलदार विनय मूति शर्मा, नायब तहसीलदार तेजपति सिंह, आर आई जीतेन्द्र सिंह बघेल, मयंक आडवाणी, पटवारी अनिल सिंह पटेल स्वदीप कुमार शुक्ला, किरण पटेल, एड़ दिलीप मिश्रा, मनोज सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, शैलेन्द्र पाण्डेय, अभय कुमार, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, मोहनलाल पाण्डेय, केदार पाण्डेय, राजू तिवारी, राम प्रसाद तिवारी, समिति प्रबंधक राजेन्द्र पाटकर, सचिव रमेश तिवारी पत्रकार इन्द्रभान उपाध्याय, शिवेश चतुर्वेदी, गीता तिवारी सहित कार्यक्रम के रचयिता आपर कलेक्टर रीडर सन्तोष कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार मिश्रा एवं तहसील गुढ़ के समस्त कर्मचारी अधिकारी वकील व आमंत्रित अतिथि गण एवं क्षेत्र के सम्मानित हजारों लोग उपस्थित रहे व भगवान जी का प्रसाद ग्रहण किए।

# राम-राम की गूंज से राममय हुआ रामनामी मेला जैजैपुर और कुरदी में मेला आने सभी लोगों का बना रहा उत्साह

सक्ती नवगठित जिले सक्ती के जैजैपुर और मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम कुरदी में आज दूसरे दिन भी रामनामी मेले में लगातार राम-राम-राम की गूंज होती रही। रामनामी समुदाय से जुड़े लोग भजन कीर्तन करते हुए रामायण का जाप करते हुए भगवान राम के संदेश को प्रेम और सदभाव से सबके जीवन में उतार रहे थे। इस दौरान हजारो लोगों ने रामनामी आस्था के प्रतीक जैतखाम का दर्शन और यहाँ पूजा कर सुख-समृद्धि की मनोकामनाएं माँगी। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से बने आध्यात्मिक माहौल की झलक और सबके सुख-शांति, मानवता का संदेश यहाँ भी महसूस हो रही थी। रामनामियों द्वारा आयोजित बड़े भजन मेला और संत समागम में बड़ी संख्या में आसपास सहित दूरदराज के लोगों ने अपनी मौजूदगी दी। जैजैपुर सहित कुरदी में राम-राम का उल्लास और आने वालों में उत्साह बना रहा। रामनामियों द्वारा अपने प्रभु राम को अपने विशेष अंदाज में पूजा। राम-राम-राम लिखे वस्त्रों को धारण कर, सिर पर मोरपंख के साथ मुकुट पहनकर वे आस्था के बहुत गहराइयों में डूबे हुए नजर आए।

# वर्षों की तपस्या के बाद श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ अवसर आया है - उप मुख्यमंत्री

### भव्य मंदिर का निर्माण हुआ, अब भव्य भारत का निर्माण होगा - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के स्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई। इस समारोह का जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर सजीव प्रसारण दिखाया गया। जगह-जगह भजन कीर्तन, भण्डारे का आयोजन करके लोगों ने इस समारोह में अपनी सहभागिता निभाई। पचमठा मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक समारोह में हजारों लोगों ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। रामधुन और जय श्रीराम के नारों की गूंज रही। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सदियों के संघर्ष और अनगिनत लोगों के बलिदान के बाद आज का शुभ दिन आया है। यह दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। आज करोड़ों लोगों की भावनाओं, शुभकामनाओं और आकांक्षाओं के प्रतीक भगवान राम के स्वरूप की अयोध्या के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। वर्षों की तपस्या के बाद श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया है। मंदिर निर्माण के लिए न जाने कितने लोगों ने बलिदान दिया। आज कोठारी बंधुओं की सबको याद आ रही है जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी। आज से भव्य भारत के निर्माण की शुरूआत हो रही है। भव्य राम मंदिर के निर्माण के बिना भव्य भारत का निर्माण संभव नहीं था।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा जिला ही नहीं पूरा प्रदेश और देश राममय है। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भजन, सुंदरकांड और श्रीरामचरित मानस के पाठ, कलश यात्रा और भण्डारे के आयोजन के साथ आमजनता श्रीराम के प्रति



अपनी आस्था और भक्ति को प्रकट कर रही है। पचमठा वह पावन भूमि है जहाँ जगतगुरू शंकराचार्य ने सनातन धर्म के पुनर्जागरण का संदेश दिया था। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण और भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा करके प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सनातन धर्म को नई ऊंचाई देने और देश को नई ऊर्जा देने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने भारत को विश्वगुरू बनाने के बहुत समीप पहुंचा दिया है। भारत को विश्वगुरू बनाने और विकसित बनाने में जो बाधाएं होंगी उसे भगवान राम दूर करेंगे। इस अवसर पर सभी को कोटि-कोटि बधाईयाँ देता हूं।

समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, पूर्व महापौर श्री शिवेन्द्र सिंह, श्री राजेश पाण्डेय, रामराज पटेल, रोहिणी प्रसाद तिवारी, बैजनाथ सिंह, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमजन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण में शामिल हुए। जिले में श्री चिरहुलानाथ हनुमान जी मंदिर, रानी तालाब मंदिर, देवतालाब के शिवमंदिर, गुड़ के कष्टहरनाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा अयोध्या के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

# नाबालिक युवक ने जय जय श्री राम बोला, तो शिक्षक अब्दुल वाहिद ने की मारपीट

### बुढ़ार थाने में आरोपी पर मामला दर्ज, ग्रीन बेल्स स्कूल को बंद करने की उठी मांग

**शिवम कुशवाहा शहडोल**

विवादो में घिरे रहने वाले बुढार के ग्रीन बेल्स स्कूल का एक बड़ा मामला सामने आया। जिसमे एक नाबालिक बच्चे द्वारा जय जय श्री राम का नारा लगाया गया तो ,ग्रीन बेल्स स्कूल में पदस्थ, शिक्षा जगत को धूमिल करने वाले शिक्षक अब्दुल वाहिद ने उसे बेरहमी से पीटा... जबकि युवक के कुछ साथी भी उसके साथ उपस्थित थे जिन्होंने भी बताया की उपरोक्त शिक्षक द्वारा जय जय श्री राम बोलने पर उसके साथ मारपीट की गई । इस घटना से आक्रोशीत विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ , वैश्य समाज, कौषाधान समाज, साथ ही नगर के अधिकांश लोगों द्वारा बुढार थाने का घेराव किया गया, और आरोपी पर कार्यवाही के साथ ही ग्रीन पैलेस स्कूल को बंद करने की भी मांग की गई है। जिस पर बुढार थाना प्रभारी संजय जयसवाल ने प्राथमिकी दर्ज की है। वही इस स्कूल का यह पहला मामला नहीं है। की इस तरह के कृत्य किए गए हैं, ग्रीन बेल्स स्कूल पहले से भी विवादों के घेरे में रहा है जहां कुछ वर्ष पहले डायरेक्टर और प्रिंसिपल पर भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर को नक्शे से हटाने पर देश द्रोह का मामला दर्ज है।

**कैसे बचेगी ग्रीन बेल्स स्कूल की अस्मत** -ग्रीन बेल्स स्कूल की यह पहली घटना नहीं है। जहां पर ऐसी देश विरोधि कुरीतिया भरी हुई हैं। सबसे पहली घटना तो भारत देश के अभिन्न अंग कश्मीर को बच्चों के इस्तेमाल करने वाले डायरी में बने भारत के नक्शे से हटाया गया, दुसरी चीज, जो बात बुढार थाने में उपस्थित लोगों के द्वारा सामने आई की शासकीय जमीन पर भी उसका विद्यालय बना हुआ है, और तीसरी सबसे बड़ी घटना आज घटित हुई की 22 तारीख को श्री राम जी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा है और किंतु




शिक्षक अब्दुल **वाहिद धार्मिक कुकृत्य का परिचायक बन बैठा**-बुढार थाने में इकट्ठे हुए लोगो ने यह भी बताया की उपरोक्त स्कूल में लंच में बच्चो द्वारा मासाहारी खाना का भी प्रयोग किया जाता है... जो बाकी स्कूल में वर्जनीय है, मगर ग्रीन बेल्स स्कूल शासन का नही, अपना नियम चलाता है...

**मुख्यमंत्री ने स्कूल के दस्तावेज मंगाए**-बुढार थाने का घेराव कर जब प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के पर्सनल असिस्टेंट से बात की गई तो मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल के सभी प्रमाणित और रजिस्टर्ड दस्तावेजों को भी तत्काल भेजने की भी बात की गई

**जहां फैक्स के द्वारा स्कूल के समस्त डॉक्यूमेंट भेजे जाएंगे...**

जहां बुढार थाने में नाबालिक बच्चे से इस मामले में पूछा गया तो वह डरा सहमा हुआ था, और आपबीती नहि बता पा रहा था.. वही बजरंग दल, राष्ट्रीय हिंदू परिसद, एवं अन्य संघ के लोग उपस्थित थे जिन्होंने इस घटना को बताया और मामले पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी गई..

पहुंचे वरिष्ठ अधिकारि, आरोपी पर मामला दर्ज

इस घटना को लेकर थाना बुढार सक्रीय दिखा, जहां पर थाना प्रभारी संजय जयसवाल द्वारा आरोपी पर, धारा 153, 323, 500, 34 ,74( क्क), का मामला पंजीबद्ध किया गया है.. वही इस घटना पर, असिस्टेंट कमिश्नर ट्राईबल आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मांरपाचे भी मौके पर उपस्थित हुए और कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिए हैं, और स्कूल के समस्त प्रमाणित दस्तावेजों की जांच, स्कूल के रजिस्ट्रेशन और एफिलेसन की भी जांच की बात भी वरिष्ठ अधिकारियों ने की है.... यहां तक की तहसीलदार व्रत बुढार द्वारा शासकीय जमीन पर बने स्कूल की जांच भी की जाएगी... जबकि कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ,बुढार /धनपुरी अविनव मिश्रा, तहसीलदार भावना डेहरिया, याचिका परतेती, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रही है

**इनका कहना है**

इस पूरे घटना को संज्ञान में लेकर बुढार थाने द्वारा आरोपी पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है..

***संजय जयसवाल**
**थाना प्रभारी बुढ़ार**

# राम मंदिर ही नहीं ये जायके भी बनाते हैं अयोध्या को खास, कहीं और नहीं मिलता ऐसा स्वाद



**अयोध्या के नाम पर ज्यादातर लोगों के जेहन में राम मंदिर ही आता है लेकिन आस्था की ये नगरी और भी कई चीज़ों के लिए मशहूर है जिसमें से एक है यहां का खानपान। यहां के स्ट्रीट फूड्स इतने लाजवाब हैं कि एक बार इन्हें चख लिया तो कभी नहीं भूलेंगे इसका स्वाद। यों कहें कि इन्हें चखे बिना आपकी अयोध्या यात्रा है अधूरी।**

अयोध्या में इन दिनों एक अलग ही धूम देखने को मिल रही है। क्योंकि यहां 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन नवनिर्मित मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस भव्य कार्यक्रम में राजनीति से लेकर खेल और आध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियां शामिल होने वाली हैं। साथ ही 55 देशों के तकरीबन 100 खास लोगों को भी इस आयोजन के लिए निमंत्रण भेजा गया है।वैसे आस्था की नगरी अयोध्या सिर्फ राम मंदिर के लिए नहीं मशहूर, बल्कि यहां का खानपान भी ऐसा है जो आपको सालों तक रहेगा याद। छोटे-छोटे ठेलों पर बिकने वाली चाट हो, जलेबी या फिर दही भल्ले...एक बार खा लिया, तो आप मुरीद हो जाएंगे इनके स्वाद के। तेज, चटख मसालों के साथ बनाई जाने वाली इन चीज़ों को खाए बिना अयोध्या की यात्रा ही पूरी नहीं मानी जाती। किन जायकों को यहां चखना बिल्कुल मिस न करें, जान लें इसके बारे में।

**चाट**

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर शहरों की चाट में एक अलग ही स्वाद मिलता है। चाट में खट्टी-मीठी चटनी, मसालेदार छोले, खुशबू बिखेरती धनिया और दूसरे मसालों के इस्तेमाल से इसके स्वाद को बढ़ाया जाता है। शाम होते ही चाट के ठेलों पर भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है और सर्दियों में तो इसे खाने का मजा ही और होता है।

**दाल कचौड़ी**

पूड़ी, कचौड़ी सुबह का सबसे फेवरेट नाश्ता है। वैसे तो कचौड़ी में तरह-तरह की सब्जियों और दालों की स्टफिंग की जाती है, लेकिन यहां अयोध्या में मूंग और उड़द दाल की कचौड़ी बहुत मशहूर है। जिसे चटनी या सब्जी के साथ परोसा किया जाता है। ऐसा जबरदस्त स्वाद होता है इसका कि इसे खाकर पेट तो भर जाता है, लेकिन मन नहीं। इसे भी यहां आकर चखना न भूलें।

**दही भल्ले**

अयोध्या की यात्रा को पूरा करना है, तो दही भल्ले को भी जरूर चखें। दाल से बने वडे और उस पर दही, खट्टी-मीठी चटनी का कॉम्बिनेशन देखकर मुंह में पानी आ जाता है। इसका स्वाद भी आप यहां की हर एक गली में ले सकते हैं।

**रबड़ी**

मीठा खाने के शौकीनों के लिए तो यहां कई सारी वैराइटी है। चाशनी में डुबी हुई जलेबी हो या मुंह में घुल जाने वाले लड्डू। यहां ऐसी चीज़ों की लंबी लिस्ट मिल जाएगी, लेकिन इन सबके साथ यहां की रबड़ी चखना न भूलें। जो बेहद मशहूर है। रबड़ी को तरह-तरह के ड्राईफ्रूट्स और केसर के साथ परोसा जाता है। जो इसका स्वाद को दोगुना कर देते हैं।

सबसे अच्छी बात कि इन स्ट्रीट फूड्स को चखने के लिए आपको बहुत ज्यादा पैसे भी नहीं करने होते। कम पैसों में ले सकते हैं इन लाजवाब जायकों का मजा।

# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं?



विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नये सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा? संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं।

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़ना था। देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है; संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है। संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है। वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष-विपक्ष दोनों हैं। विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने, लेकिन जो और जितने जीतकर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है। लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बनकर रहेगा।2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया। सबसे पहले तो प्रधानमंत्री ने ही घोषणा कर दी कि हमारा विपक्ष देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता का दुश्मन, भ्रष्टाचारी तथा विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना है। विपक्ष के लिए जवाहर लाल से मनमोहन सिंह तक, किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था।

बहुमत से सरकार बनाने वाले प्रधानमंत्री को विपक्ष को ऐसा कहने की जरूरत क्यों पड़ी? इसलिए कि वे भयग्रस्त मानसिकता से घिरे थे; घिरे हैं। उन्हें पता है कि यह जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं और तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चलता।

ऐसे में रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे। विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था। विपक्ष, जिसने 60-65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता, तो क्या आपको वैसा देश मिलता, जैसा मिला? आप चुनाव जीत सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा, लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता।आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकारें चलाईं, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे। आपको यह कहने का अधिकार भी है व उसका आधार भी है, क्योंकि आपने सारे देश में एकदम भिन्न विमर्श खड़ाकर अपने लिए चुनावी सफलता अर्जित की है, लेकिन देश आजाद ही 2014 में हुआ, ऐसा विमर्श बनाना व सत्ता की शक्ति से उसे व्यापक प्रचार दिलाना दूसरा कुछ भी हो, स्वस्थ्य लोकतंत्र की जड़ में मट्ठा डालने से कम नहीं है। अब यह राजनीतिक शैली दूसरे भी सीख चुके हैं। वे भी इतनी ही कटुता से स्तरहीन विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुशरण करता है। संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है।संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही है- सदस्यों का विश्वास हासिल कर उनका संवैधानिक संरक्षण करना। प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात नैतिक पकड़ कमजोर करता है। 2014 से यह लगातार जारी है। यह सच छिप नहीं सकता कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है जिसे आप बराबरी का अधिकार व अवसर न देकर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं। आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है। वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है। ऐसी संसद, न तो सदन के भीतर और न बाहर, लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है। संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फेरकर, निरक्षर व %सूरदास% बन गए हैं।सांसदों के निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं। अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की? हर निलंबित सदस्य दोनों अध्यक्षों की क्षमता और उनकी मंशा पर सवाल खड़े करता है।

संसदीय लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता कैसी है, यह कैसे आंकेंगे हम? आपके व्यवहार से ही न! विपक्ष के इतने सारे सदस्यों को निलंबित कर देने के बाद संसद में लगातार संवेदनशील बिल पेश किए जाते रहे, पारित भी किए जाते रहे, तो यह मंजर ही घोषणा करता है कि संसदीय लोकतंत्र का कोई शील आपको छू तक नहीं गया है।विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नये सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा?संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं। उसने जैसे आपको चुनकर संसद में भेजा है वैसे ही उसने विपक्ष को भी चुनकर संसद में भेजा है।

दोनों की हैसियत व अधिकार बराबर हैं और दोनों के संरक्षण की संवैधानिक जिम्मेदारी अध्यक्षों की है। इसलिए अध्यक्षों को यह भूमिका लेनी चाहिए थी कि भले किसी भी कारणवश इनका निलंबन हुआ हो, इनको चुनने वाले मतदाता का अपमान हम नहीं कर सकते, सो संसद स्थगित की जाती है।ऐसा होता तो अब्दुल हमीद अदम की तरह दोनों अध्यक्ष इस परिस्थिति को एक सुंदर मोड़ दे सकते थे कि मुझे निकाल के पछ्ता रहे हों आप, महफिल में इस खयाल से फिर आ गया हूं मैं। इसकी जगह ऐसा रवैया अपनाया गया कि जैसे बिल्ली के भाग से छींका टूटा हो। क्या अब संसद में कौन रहेगा, इसका फैसला मतदाता नहीं, संसद का बहुमत करेगा? यह संविधान की लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन है। यह तो नई ही स्थापना हो गई कि विपक्ष-विहीन संसद वैध भी है और हर तरह का निर्णय करने की अधिकारी भी। फिर संसद की कैसी तस्वीर बनती है और संविधान का क्या मतलब रह जाता है? इसका जवाब इस संसद के पास तो नहीं है।

## संपादकीय

# भारत-मालदीव खटास का फायदा न उठाये चीन

कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों के सम्बन्ध में पड़ोसी मुल्क मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर भारत और उसके पड़ोसी मुल्क मालदीव के बीच सम्बन्धों में जो बिगाड़ पैदा हुआ है, उसे आपसी बातचीत से सुधारे जाने की आवश्यकता है। ऐसा केवल परस्पर व्यवसायिक हितों के चलते ही ज़रूरी नहीं है वरन भारत के साथ गैरदोस्ताना सम्बन्धों में यकीन रखने वाले दूसरे पड़ोसी चीन को हिन्द महासागर से दूर रखने के लिये भी उचित होगा। मालदीव सरकार ने दोषी मंत्रियों को हटाकर भारत सरकार को संतुष्ट करने की कोशिश तो की है, लेकिन लगता है कि अभी तक नरेन्द्र मोदी नाखुश हैं। जहां एक ओर भारत ने वहां के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी नाराज़गी जतलाई, वहीं अब मालदीव भी कड़े तेवर दिखला रहा है। हालांकि उसने भी अपनी राजधानी माले में पदस्थ भारतीय उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी स्थिति साफ की थी।जैसा कि अक्सर होता है कि देश का कोई भी विवाद राष्ट्रवाद से जोड़ दिया जाता है, इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। मोदी की तस्वीरों पर की गई टिप्पणियों को लेकर देश भर में कोहराम मच गया। मोदी समर्थकों ने जमकर सोशल मीडिया पर बवाल काटा। अनेक कम्पनियों एवं लोगों ने मालदीव न जाने की अपील की जिसके कारण बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी। इसके साथ ही यह बतलाने की कोशिश की कि भारत का लक्षद्वीप मालदीव से अधिक सुंदर है। जो देश बड़े पैमाने पर पर्यटन पर चल रहा हो, उसमें भी सबसे अधिक पर्यटक भारतीय होते हैं, तो सम्बन्धों का तल्ख़ होना लाजिमी है। इस मुस्लिम बहुल देश को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में भिड़ गया है। मंगलवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू चीन का दौरा कर आये। स्वदेश लौटते ही मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि %हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है।% साफ है कि उनका इशारा सीधे-सीधे भारत की ओर था।

इतना ही नहीं, अब मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को हटा ले। उस देश में भारत के 77 सैनिक और कुछ विमान तथा हैलीकॉप्टर के चालक, मेंटेनेंस स्टाफ आदि हैं। इसके लिये एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप गठित किया गया है जिसकी पहली बैठक माले में हो चुकी है। ग्रुप भारतीय सैनिकों को हटाने की योजना पर काम कर रहा है। जैसा मालदीव सरकार ने चाहा है, उम्मीद है कि यह काम समय सीमा के भीतर पूरा हो जायेगा। यह एक तरह से दोनों देशों के बीच सम्बन्धों की एक और कड़ी को तोड़ने जैसा होगा।

वैसे मंत्रियों की मोदी के बाबत की गई टिप्पणियों की स्वयं मालदीव में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों और अनेक विरोधी नेताओं ने मुइज़्ज़ू की आलोचना की है। इसका असर यह देखने को मिला कि माले की जिस सीट पर मुइज़्ज़ू राष्ट्रपति बनने से पहले मेयर थे, उसके लिये हुए चुनाव में उनकी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। मेयर के चुनाव में विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के उम्मीदवार आदम अज़ीम जीत गए। इस दल का नेतृत्व मोहम्मद इब्राहीम सोलिह करते हैं, जो भारत समर्थक हैं। वैसे राष्ट्रपति के चुनाव में एमडीपी मुइज़्ज़ू की पीएनसी से हार गई थी। राष्ट्रपति बनने से पहले माले के मेयर मोहम्मद मुइज़्ज़ू हुआ करते थे जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मेयर के पद से इस्तीफ़ा दे दिया था।भारत के विदेश मंत्रालय एवं स्वयं मोदी को यह समझना होगा कि किसी भी मामले को कितना खींचा जाना चाहिये। तमाम पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण सम्बन्ध सभी की आवश्यकता है। यह आत्मसम्मान की कीमत पर नहीं होगा. वैचारिक मतभेदों के पार जाकर सभी प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं लेकिन यह देखना होगा कि मामले को इतना न खींचा जाये कि परिदृश्य में चीन की एंट्री हो जाये।यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिये कभी भी खतरा नहीं बन सकता परन्तु ऐसा न हो कि वह भारत से उलझने के लिये चीन के नज़दीक चला जाये।

# अधिकारों की ज़रूरत भुला बैठे देश में राहुल की न्याय यात्रा

पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय।राहुल गांधी एक बार फिर से भारत को नाप रहे हैं। साल 2022 की 7 सितम्बर को कन्याकुमारी से प्रारम्भ कर पिछले वर्ष की 30 जनवरी, को श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराते हुए उन्होंने पहली यात्रा को पूरा किया था। उनके पहले वाले मार्च से, जिसे %भारत जोड़ो यात्रा% कहा गया था और जो %नफ़रत के बाज़ार में मोहब्बत की दूकान% भी कही गई थी, इस बार की यात्रा ज्यादा लम्बी दूरी की है और उसके उद्देश्य जोड़ने से बढ़कर लोगों को न्याय दिलाने के हैं। पिछली बार वे 4 हजार किलोमीटर चले थे, अब यह दूरी 6700 किमी की रहेगी। अबकी यात्रा हाई ब्रीड है, यानी वे चलने के साथ अपने वाहन का भी इस्तेमाल करेंगे। पिछले वक्त दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़े थे, अब पूर्वोत्तर के हिंसाग्रस्त मणिपुर से निकलकर पश्चिमी छोर में अरब सागर के तट पर बसी देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई को 20 मार्च को छुएंगे। पहले राहुल हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के मिलन स्थल पर बसे कन्याकुमारी से निकले थे और उन्होंने अपनी यात्रा का समापन हिमालय की गोद में बसे कश्मीर में किया था, तो अब की वे पहाड़ों वाले पूर्वोत्तर भारत के एक प्रदेश से निकलकर अरब सागर के किनारे बसे महानगर में उसे समेटेंगे।फर्क केवल इतना ही नहीं है, बड़ा अंतर है तब की और अब की यात्रा की पार्श्वभूमि तथा उद्देश्यों में। पहले लोगों के मन में बसी घृणा को मिटाकर प्रेम का संदेश देना था, तो अब सामाजिक सौहार्द के आगे बढ़ते हुए न्याय की मांग करना है। दरअसल पिछली यात्रा के दौरान जो विमर्श बना, वह इस बात का निष्कर्ष था कि जनता को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय चाहिये जो 10 वर्षीय मोदी काल में उनसे छीन लिया गया है। यह यात्रा शुरू होने के पहले ही कांग्रेस के मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने बताया था कि इसके जरिये तीन तरह के न्याय की मांग की जा रही है- पहला है राजनीतिक न्याय क्योंकि देश में राजनैतिक तानाशाही है, सामाजिक न्याय क्योंकि ध्रुवीकरण किया गया है और तीसरे, आर्थिक न्याय। वह इसलिये कि अमीर और अमीर होता जा रहा है तथा गरीब अधिक गरीब।




मणिपुर इसलिये इस यात्रा का श्रेष्ठ प्रस्थान बिन्दु हो सकता था क्योंकि वह राज्य पिछले करीब 8 महीनों से जो कुछ झेल रहा है, वह इन्हीं तीन तरीकों के अन्याय हैं। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, और केन्द्र में भी। इसे भाजपा अक्सर डबल इंजिन की सरकार के रूप प्रस्तुत करती है। इस खूबसूरत राज्य में जैसी हिंसा हुई उसमें भाजपा की न तो राज्य सरकार ने राहत दी और न ही केन्द्र ने आहत लोगों के आंसू पोंछने की कोशिश की। यहां तक कि दोनों ही सरकारों ने यहां की वस्तुस्थिति पर पर्दा डालने का काम किया। मोदी के बारे में यह कहावत ही मशहूर हो गई कि %वे मणिपुर का म भी मुंह से नहीं निकालते।% नयी संसद भवन में जाने के पहले उन्हें इसलिये इस पर एक संक्षिप्त बयान देना पड़ा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उस वीडियो का हवाला देकर केन्द्र को चेता दिया था कि अगर सरकार कुछ नहीं करती तो न्यायालय को ही कुछ करना पड़ेगा। इस मामले की गूंज दुनिया भर में हुई और यहां तक कि मोदी जो कभी भी प्रेस के सामने नहीं जाते, उन्हें भी अमेरिका प्रवास के दौरान इससे सम्बन्धित सवाल पर अपना आधा-अधूरा सा जवाब देना पड़ा था। भाजपा ने जिस तरह से उस राज्य को उसके हाल पर छोड़ दिया है, वह बतलाता है कि प्रदेशवासियों को राजनैतिक न्याय की सख्त आवश्यकता है। वहां के मुख्यमंत्री तो कहते हैं कि राज्य में इतनी घटनाएं हुई हैं कि सब पर कार्रवाई करना मुश्किल है।

सामाजिक न्याय इसलिये चाहिये क्योंकि वहां हिंसा में 175 से अधिक लोग मारे गये, 1100 से ज्यादा घायल हुए और हजारों की संख्या में लोग बेघर होकर शरणार्थियों के रूप में रह रहे हैं। ईसाई बन गये कुकी आदिवासियों पर कहर टूटा है जो बतलाता है कि उनकी धार्मिक आजादी को छीना गया है। सामाजिक ध्रुवीकरण इसका कारण है। इस हिंसा से वहां विकास ठप पड़ा है और लोग आर्थिक बदहाली की ओर बढ़ चले हैं। गरीबी, बेरोजगारी के चलते आर्थिक न्याय वहां की बड़ी ज़रूरत है।

कमोवेश, देखें तो पूरे देश का यही हाल है। भारत आज इन तीनों ही तरह के अन्यायों को भाजपा के हाथों झेल रहा है। फिर, यह यात्रा ऐसे वक्त में निकली है जब एक हफ्ते बाद ही भाजपा व मोदी अपने दस साला कार्यकाल का सबसे बड़ा इवेंट आयोजित करने जा रहे हैं- राममंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन। सभी जानते हैं कि जिस जल्दबाजी में मोदी प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर भव्य व खर्चीला कार्यक्रम कर रहे हैं उस तरीके से स्वयं हिन्दुओं के सबसे बड़े धर्मगुरुजन, यानी चारों शंकराचार्य भी नाराज़ हैं। साफ हो चुका है कि मोदी के लिये यह समारोह उनके चुनावी प्रचार का ही हिस्सा है। इसके साथ ही दोनों परिघटनाओं के बीच फर्क साफ हो गया है- भाजपा जो इन तमाम तरह के अन्यायों का स्रोत है, वह मंदिर के पक्ष में है। उसके लिये बहुसंख्यकों का धर्म ही सर्वोपरि है। उसके लिये आजादी का अर्थ है समाज के कुछ गिने-चुने लोगों के लिये स्वतंत्रता। जबकि कांग्रेस (संविधान के अनुसार) सबके धर्मों के सम्मान की बात करती है, सबके लिये स्वतंत्रता की बात करती है। यही राहुल की न्याय यात्रा का निष्कर्ष है। इसके पक्ष में देश के 27 अन्य गैर-भाजपायी दल हैं।

राहुल की न्याय यात्रा को लेकर यह साफ है कि देश को न्याय की ज़रूरत है परन्तु क्या भारत की जनता का एक बड़ा हिस्सा न्याय चाहता भी है? पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार, भाजपा एवं उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश को न्याय की आवश्यकता भी भुला दी है। यह दुखद है कि आज बेरोजगार को मानों रोजगार नहीं चाहिये क्योंकि वह इसकी मांग ही नहीं कर रहा है, बेघर को घर नहीं चाहिये क्योंकि वह इसकी बात ही नहीं करता, छात्र को शिक्षा ही नहीं चाहिये क्योंकि वह भी इसकी मांग करता नहीं दिखता। लोगों के लिये मानों मंदिर ही सारी समस्याओं का निराकरण है। राहुल के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यही है कि उन्हें देश को याद दिलाना है और उसे न्याय की आवश्यकता से अवगत कराना है। जिस प्रकार से मोदी ने लोगों को न्याय ही विस्मृत करा दिया है, उन परिस्थितियों में राहुल लोगों को बतला रहे हैं कि किसी भी नागरिक के लिये राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक न्याय कितने आवश्यक हैं। उनकी न्याय यात्रा दो संगठनों के बीच का ऐसा संघर्ष है जिसमें एक पक्ष (भाजपा) लोगों को प्रेरित कर रहा है कि उन्हें न्याय की ज़रूरत नहीं है। दूसरा पक्ष (कांग्रेस) कह रहा है कि ये तीनों तरह के न्याय मिले बिना न तो व्यक्तिगत विकास सम्भव है और न ही देश का। देखना यह होगा कि 3-4 माह के बाद जब लोकसभा के चुनाव होते हैं तो जनता किसे चुनती है- अधिकारों का विस्मरण कराने वाली भाजपा को या न्याय को याद दिलाने वाली कांग्रेस को। भारत का भविष्य इसी बात पर निर्भर करेगा कि उसे आजादी सभी के लिये चाहिये या थोड़े से लोगों के लिये।

# 22 जनवरी को नेपाल के तीन हजार से अधिक प्राचीन मंदिरों में होगी विशेष पूजा

**काठमांडू।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठ समारोह के दिन नेपाल के तीन हजार से अधिक मंदिरों में विशेष पूजा पाठ, हवन, भजन, कीर्तन करने की तैयारी की गई है।



काठमांडू के पशुपतिनाथ मंदिर से लेकर सभी शक्तिपीठों में 22 जनवरी को विशेष पूजा की तैयारी की गई है। काठमांडू के ही बुढानिलकण्ठ मंदिर, गुहेश्वरी मंदिर, मैतीदेवी मंदिर, दक्षिणकाली मंदिर, शोभा भगवती मंदिर, भद्रकाली आदि शक्तिपीठों में सुबह के समय विशेष पूजा, दोपहर को भजन कीर्तन और शाम को विशेष हवन किए जाने की तैयारी है।

विश्व हिन्दू परिषद नेपाल के महासचिव जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि काठमांडू सहित देश के सभी बड़े और प्रसिद्ध मंदिरों में 22 जनवरी को विशेष आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में स्थानीय लोगों के सहयोग से ही इन सब कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

काठमांडू के अलावा मुक्तिनाथ मंदिर, पोखरा के विन्ध्यवासिनी मंदिर, सप्तरी के छिन्नमस्ता भगवती मंदिर, सुनसरी जिले के दन्तकाली मंदिर, बांके जिला के बागेश्वरी मंदिर, सल्यान जिले के कमलाक्षी, गोकर्ण के भैरवी मंदिर, दैलेख के ज्वालादेवी, पर्सा के गहवा माई मंदिर, बारा के गढीमाई मंदिर, मकवानपुर के मनोकामना मंदिर, नुवाकोट के जलपा देवी सहित एक हजार से अधिक प्रसिद्ध देवी मंदिरों में विशेष आयोजन रखा गया है।

विश्व हिन्दू परिषद नेपाल के संगठन महासचिव प्रह्लाद रेग्मी ने कहा कि तीन हजार की संख्या नेपाल के प्राचीन और बडे मंदिरों की है। उन्होंने दावा किया कि पूरे नेपाल के हर गली मुहल्ले में रहे तीस हजार से अधिक मंदिरों में 22 जनवरी को कोई ना कोई कार्यक्रम रहने वाला है। रेग्मी के मुताबिक इन शक्तिपीठों और प्राचीन मंदिरों के अलावा नेपाल में लगभग सभी जिलों में भगवान श्रीराम का भी मंदिर है जहां 22 जनवरी को विशेष कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर तो स्थानीय लोगों के द्वारा अष्टजाम, अखण्ड पाठ, लखराउ, सामूहिक रामचरित मानस का पाठ जैसे अन्य प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम भी रखा गया है। रेग्मी ने यह भी बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के समन्वय के अलावा भी नेपाल के हर शहर और गांव में स्थानीय लोगों में 22 जनवरी को लेकर एक अलग तरह का उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नेपाल ने 12 वर्षों में 28000 मेगावाट बिजली उत्पादन का रखा लक्ष्य

**काठमांडू,।** नेपाल सरकार ने 12 वर्षों में 28000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। भारत के साथ अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीद का समझौता होते ही नेपाल ने बिजली उत्पादन की क्षमता को बढ़ाने का निर्णय किया है।



नेपाल के ऊर्जा मंत्री शक्ति बस्नेत ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि सरकार 12 वर्ष में 28000 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना पर काम कर रही है। भारत के साथ दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौता होने के साथ ही इसको पूरा करने के लिए नई नीति बनाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। हाल ही में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के नेपाल दौरे में दीर्घकालीन बिजली व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र के बिजली उत्पादकों का उत्साह बढ़ा है।

भारत के साथ बिजली समझौता होते ही नेपाल के निजी क्षेत्र सहित भारत की कई बड़ी कंपनियों ने नेपाल के जलविद्युत परियोजना में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत की सरकारी कंपनी सतलज और एनटीपीसी सहित निजी क्षेत्र के जीएमआर ग्रुप, अडाणी ग्रुप और रिलायंस एनर्जी के प्रतिनिधियों से अलग-अलग जलविद्युत परियोजना में निवेश की चर्चा शुरू हुई है।

नेपाल की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना पंचेश्वर को लेकर जल्द ही भारत के साथ समझौता होने की जानकारी दी गई है। ऊर्जा मंत्री बस्नेत ने कहा कि 6400 मेगावाट के प्रस्तावित इस जलविद्युत परियोजना की क्षमता को बढ़ाकर 10 हजार किए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। मंत्री का दावा है कि पंचेश्वर परियोजना नेपाल के इतिहास में बड़ा गेमचेंजर साबित होने वाला है।नाटो की क्षमता का प्रदर्शन करेगा।"

# नाटो 90,000 सैनिकों के साथ शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ा अभ्यास करेगा

**ब्रुसेल्स।** नाटो शीत युद्ध के बाद से अपना सबसे बड़ा अभ्यास 'स्टीडफास्ट डिफेंडर 2024' शुरू कर रहा है। इसमें निकट भविष्य में एक करीबी प्रतिद्वंद्वी के साथ उभरते संघर्ष परिदृश्य को देखते हुए रूस की सीमा से लगे देशों और गठबंधन के पूर्वी हिस्से में यूरोपीय सहयोगियों को कैसे मजबूती प्रदान की जाएगी इसका अभ्यास किया जाएगा।



गठबंधन के शीर्ष कमांडर क्रिस कैवोली ने गुरुवार को कहा कि लगभग 90,000 सैनिक स्टीडफास्ट डिफेंडर 2024 अभ्यास में शामिल होंगे, जो मई तक चलेगा। नाटो ने कहा है कि विमान वाहक से लेकर विध्वंसक तक 50 से अधिक जहाज, साथ ही 80 से अधिक लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर और ड्रोन और 133 टैंक और 533 पैदल सेना से लड़ने वाले वाहनों सहित कम से कम 1,100 लड़ाकू वाहन इस अभ्यास में भाग लेंगे।

कैवोली ने कहा कि अभ्यास में नाटो द्वारा अपनी क्षेत्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन का पूर्वाभ्यास किया जाएगा, यह गठबंधन द्वारा दशकों में तैयार की गई पहली रक्षा योजना है जिसमें विस्तार से बताया जाएगा कि यह रूसी हमले का जवाब कैसे देगा। हालांकि नाटो ने अपनी घोषणा में रूस का नाम नहीं लिया लेकिन इसका शीर्ष रणनीतिक रक्षा पंक्ति रूस को नाटो सदस्यों की सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रत्यक्ष खतरे के रूप में पहचानता है।

नाटो ने कहा, "स्टैडफास्ट डिफेंडर 2024 यूरोप की रक्षा को मजबूत करने के लिए उत्तरी अमेरिका और गठबंधन के अन्य हिस्सों से तेजी से सेना तैनात करने की नाटो की क्षमता का प्रदर्शन करेगा।"

# सिंगापुरः भ्रष्टाचार के मामले में फंसे परिवहन मंत्री ईश्वरन का पद, पार्टी व पार्लियामेंट से इस्तीफा

**सिंगापुर।** भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप का सामना कर रहे भारतीय मूल के सिंगापुर के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स के मुताबिक 61 वर्षीय ईश्वरन ने सत्ताधारी पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और पार्लियामेंट की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे ईश्वरन को पिछले साल 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री लूंग के आदेश पर ईश्वरन के वेतन में 82 फीसदी की कटौती की गई थी। इन दिनों ईश्वरन जमानत पर हैं। हालांकि परिवहन मंत्री रहते ईश्वरन की कोविड महामारी के बाद सिंगापुर को एयर हब के रूप में पुनर्निमाण को लेकर काफी प्रशंसा भी हुई थी।



# पाकिस्तान का पलटवार, ईरान की सीमा में एयर स्ट्राइक का दावा




**इस्लामाबाद।** ईरान की तरफ से पाकिस्तान में किए गए ड्रोन व मिसाइल हमले और दोनों देशों के बीच जारी राजनयिक तनातनी के बीच पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया है कि वायुसेना ने ईरान की सीमा में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। ये ठिकाने पाकिस्तान में वांछित बलोच विद्रोहियों के थे।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान ने ईरान के सिएस्तान-ओ-बलूचिस्तान प्रांत में छिपे आतंकियों के ठिकानों पर सटीक लक्षित हमलों की श्रृंखला शुरू की। इस कार्रवाई में कई आतंकी मारे गए। खुफिया सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पाकिस्तान का यह कदम ईरानी की तरफ से 16 जनवरी को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में किए गए एयर स्ट्राइक के बाद आया है जिसमें ईरान की वायुसेना ने पाकिस्तान की सीमा में बने आतंकी संगठन जैश-अल-अदल के दो ठिकानों पर हमला किया था।

पाकिस्तान ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने चेतावनी दी कि एकतरफा कार्रवाई से क्षेत्रीय शांति खतरे में पड़ सकती है।

इस उकसावे वाली कार्रवाई के बाद पाकिस्तान को जवाबी कार्रवाई का अधिकार मिल गया है।

पूरे मामले को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव आ गया है। पाकिस्तान ने ईरान के राजदूत को निष्कासित कर दिया। साथ ही ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

भारत ने ईरान का समर्थन करते हुए बुधवार को कहा था कि यह ईरान-पाकिस्तान के बीच का मामला है।

भारत आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति पर चल रहा है। हम आत्मरक्षा में दूसरे देशों की ओर से उठाए जाने वाले ऐसे कदमों को समक्ष सकते हैं।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने आयोवा कॉकस में जीत का जश्न मनाया, कहा–अमेरिका की सेवा के लिए बना हूं

**डेस मोइनेस (आयोवा)।** अमेरिकी प्रांत आयोवा में मिली जीत से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गदगद हैं। उन्होंने जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि वह अमेरिका की सेवा के लिए बने हैं। ट्रम्प ने 2024 के चुनाव के पहले रिपब्लिकन प्राइमरी आयोवा कॉकस में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 51 प्रतिशत वोट मिले हैं। यह जीत उनकी रिपब्लिकन पार्टी पर स्थायी पकड़ का स्पष्ट संकेत है।




द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प की जीत के 30 अंकों के अंतर ने आयोवा रिपब्लिकन कॉकस में प्रतिस्पर्धा का एक रिकॉर्ड बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, बावजूद इसके ट्रम्प को पूरे साल अदालती तारीखों का सामना करना होगा। उनके खिलाफ 91 मामले दर्ज हैं। वह कल मानहानि मुकदमे के सिलसिले में न्यूयॉर्क कोर्ट हाउस में उपस्थित हुए। यह मुकदमा लेखिका ई. जीन कैरोल से संबंधित है। कैरोल ने पूर्व राष्ट्रपति पर बलात्कार का आरोप लगाया है। इसके बाद ट्रम्प एक रैली के लिए न्यू हैम्पशायर चले गए।

इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ईश्वर ने उन्हें अमेरिका का ध्यान रखने के लिए ही बनाया है। तीन मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा है कि 14 जून, 1964 को भगवान ने सोचा कि अमेरिका को एक केयर टेकर की जरूरत होगी, इसी वजह उन्हें पैदा किया गया । अमेरिका को एक मजबूत और साहसी इंसान की जरूरत है, जो भेड़ियों से न डरे। आयोवा में जीत के बाद ट्रंप ने मतभेदों को भुलाकर अमेरिका को बाइडेन के कब्जे से आजाद कराने की अपील की है। उन्होंने इसके लिए सभी रिपब्लिकन उम्मीदवारों से समर्थन करने की अपील की है।

# नेपालः अतिक्रमित राम मंदिर का उद्धार कर 22 जनवरी को हो रही राम सीता की मूर्ति स्थापना

**काठमांडू।** भारत के अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को स्मरणीय बनाने के लिए सभी किसी ना किसी रूप से कुछ नया करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में नेपाल के बीरगंज में बहुत ही पुराने और अतिक्रमित भगवान राम के मंदिर का जीर्णोद्धार कर उसमें मूर्ति स्थापना की जा रही है।

बीरगंज शहर के बीचों बीच रहे श्रीराम मन्दिर पर पिछले कई दशकों से गैर कानूनी अतिक्रमण किया गया था। वहां के स्थानीय सांसद प्रदीप यादव के प्रयास से पहले तो इस पुराने मंदिर से गैर कानूनी कब्जा हटाया गया और अब मंदिर का जीर्णोद्धार कर वहां भगवान राम और माता सीता की मूर्ति स्थापित की जा रही है।



बीरगंज के युवा सांसद प्रदीप यादव ने बताया कि अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन (22 जनवरी) ही बीरगंज के इस राम मन्दिर में रामसीता की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक दिन पर बीरगंज नगरवासी की तरफ से भगवान श्रीराम के प्रति यह एक छोटा सा भक्ति समर्पण होगा।

मंदिर का जीर्णोद्धार बीरगंज महानगरपालिका के तरफ से किया गया है। मेयर राजेशमान सिंह की रेखदेख में ही मंदिर की सजावट और मूर्ति स्थापना की तैयारी की जा रही है। मेयर सिंह ने बताया कि श्रीराम मंदिर में मूर्ति स्थापना स्थानीय सांसद प्रदीप यादव के हाथों की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाम को पूरे नगर में भव्य दीपावली मनाया जाएगी। सार्वजनिक स्थानों और सरकारी दफ्तरों में महानगरपालिका की तरफ से दीपावली मनाए जाने की जानकारी भी मेयर ने दी है।

## जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कलक्ट्रेट बार ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित सुंदरकाण्ड कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पूजा अर्चना की



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

एटा अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने जनपदभर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा जनपदभर में विभिन्न स्थानों पर एलईडी के माध्यम से अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया सम्पूर्ण जनपदभर में मंदिरों पर आयोजित हुए कार्यक्रम, जगह-जगह निकाली गई



शोभायात्राएं, भण्डारे का भी हुआ आयोजन जलेसर में क्षेत्रीय विधायक संजीव दिवाकर सहित अन्य अधिकारियों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कम्बल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तैनात किए गए मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने सैनिक पड़ाव प्रदर्शनी प्रांगण में आज शाम 06 बजे से आयोजित दीपोत्सब कार्यक्रम में प्रतिभाग करने एवं कार्यक्रम का हिस्सा बनने हेतु जनपदवासियों से की अपील

### रामलला की प्रतिष्ठा, वसुधैव कुटुम्बकम् की स्थापना भी है-प्रधानमंत्री

## व्यंकटेश लोक में देखा गया अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना**

सतना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा वसुधैव कुटुंबकम् की स्थापना भी है। यह साक्षात मानवीय मूल्यों, सर्वोच्च आदर्शों की प्राण-प्रतिष्ठा है। जिसकी आवश्यकता संपूर्ण विश्व को है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आम जनमानस को संबोधित किया। अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सतना नगर निगम के व्यंकटेश लोक के नवनिर्मित ओपेन ऑडीटोरियम में भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में देखा गया। कार्यक्रम में प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार,



विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत सहित विभिन्न संप्रदाय के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु आमजन उपस्थित थे।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में श्री राम का मंदिर केवल मंदिर नहीं यह भारत के दिग्दर्शन, देश की चेतना का मंदिर है। प्रभु श्री राम भारत की चेतना, चिंतन, प्रवाह, प्रताप आदर्श के प्रतीक है। राम नेति भी हैं और नीति भी है। राम व्यापक हैं, राम विश्व है, विश्वात्मा है। राम की प्रतिष्ठा का प्रभाव हजारों हजार वर्षों के लिए होता है। अयोध्या में श्रीराम हजारों वर्षों के लिए प्रतिष्ठित हुए हैं। राम राज्य की स्थापना विश्व का पथ प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कालचक्र बदल रहा है। यह सुखद क्षण है। जब हमारी पीढ़ी को कालजयी शिल्प को बनाने के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र समय से अगले एक हजार वर्ष बाद के भारत की नींव रखी जा रही है। समय की मांग है कि दिव्य और विलक्षण भारत के निर्माण में चेतना और अंतर्मन का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि देव से देश और राम से राष्ट्रीय चेतना का विस्तार करना होगा। तभी सक्षम और दिव्य भारत का



निर्माण होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो अपने आपको कम आंकते हैं। उन्हें गिलहरी के योगदान का स्मरण करना होगा। भारत के विकास के अमृत काल में सभी देशवासी यह संकल्प लें कि राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के लिए अपने जीवन का पल-पल देश के लिए समर्पित करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि आज का दिन सम्पूर्ण भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए शांति, समन्वय और राम राज्य का पैगाम है। देशवासियों का सदियों-सदियों से चली आ रही प्रतीक्षा रामलला के मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा से पूरी हुई है। उन्होंने सम्पूर्ण प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनायें देते हुए राम राज्य की स्थापना में अपना भरपूर योगदान की अपील की। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि देश के आराध्य, गौरव, संस्कृति और सनातन धर्म की प्राण-प्रतिष्ठा से करोड़ों-करोड़ देशवासियों की अभिलाषा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में रामलला का मंदिर अयोध्या में बनाने की पूर्ण हुई है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत एक पूर्ण विकसित देश बनने के साथ ही विश्व गुरू होने का दर्जा पुनः प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का यह दिन आने वाले करोड़ों वर्ष तक याद किया जायेगा। पूरे शहर और देश में



आज के दिन का उल्लास और आनंद शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इसके पूर्व राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित व्यंकटेश लोक के नव निर्मित ओपेन आडीटोरियम का शिलापट्टिका अनावरण कर लोकार्पण किया। व्यंकटेश लोक में अपरान्ह सुन्दर काण्ड का सामूहिक भजन गायन एवं शाम को दीप मालिकाओं में दीप प्रज्जवलित करने का कार्य भी सम्पन्न हुआ।

## सिद्धा पहाड़ का तीर्थ स्थलों की तरह होगा विकास-सांसद







**पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना**

अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सांसद श्री गणेश सिंह ने सिद्धा पहाड़ में भगवान श्री राम की प्रतिमा का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा सिद्धा धाम में दीप दान तथा पौध रोपण भी किया गया। इस मौके पर विधायक चित्रकूट श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार,कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा,सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, डीएफओ श्री विपिन पटेल सहित जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर बचूपल्ली में शोभा यात्रा निकाली गई ।

**दैनिक
पुष्पांजली रिपोर्टर
धनराज चौधरी।**

बचूपल्ली में शोभा यात्रा निकाली गई जय श्रीराम के नारे लगाते हूए रोड सो निकाला गया बाइक और कार पर झण्डा लगा कर नारे लगाये गये रात को दीया लगा कर उत्सव मनाया गया





## ग्राम पंचायत रीछुल में भाजपा युवा मोर्चा के नेता प्रशांत उपाध्याय के द्वारा श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में भजन संध्या और रामधुन कीर्तन का आयोजन किया।।





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

ग्राम पंचायत रीछुल में जोला माता मंदिर में अखंड रामधुन कीर्तन का आयोजन और घर-घर फहराने लगे भगवा ध्वज, जय श्री राम के गूंजने लगे जयकारे ड़- श्री राम की पूरे गांव में कलश यात्रा निकाल रैली डीजे के साथ सारे गांव के ग्रामीण इकट्ठे होकर श्री राम के नारे लगाते हुए गांव में निकाली गई कलश यात्रा आज महा आरती के साथ दीप उत्सव हुआ ।।सभी मंदिरों में सोमवार को रीछुल के सारे गांव में धर्म में नजर आने लगा भगवा ध्वज घर-घर फहराने लगे श्री राम के आगमन की खुशियां गांव के सहित आसपास के इलाकों में दिखाई दे रही है।। गांव के बिहार जू मंदिर में अखंड राम धुन भजन कीर्तन और दीप उत्सव सहित अनेक धर्म आयोजन किए गए ।।और तैयारी से हुआ कार्यक्रम आज सोमवार को गांव सहित जिले भर में मंदिरों एवं मोहल्ले में कीर्तन एवं भजन किए गए और पूजा अर्चना के साथ प्रसादी बांटी गई और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है।। इस दौरान इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के नेता प्रशांत उपाध्याय और वरिष्ठ भाजपा के नेता वासुदेव उपाध्याय ,, भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष रामेश्वर मिश्रा,, बूथ अध्यक्ष प्रमोद गर्ग ,,गुड्डू गर्ग ,दीपक गर्ग, जागेश्वर सेन ,ब्रह्मानंद द्विवेदी पूर्व सरपंच रामकेश चौरसिया , श्रीधर त्रिफला और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता और, कार्यक्रम का संचालन, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेता प्रशांत उपाध्याय और रामेश्वर मिश्रा के द्वारा की गई।।

### तीर्थस्थली के रुप में विकसित होगा सिद्धा धाम- गणेश सिंह

## सिद्धा पहाड़ में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और विकास कार्यों का लोकार्पण



**पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना**

सतना अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार को सतना जिले के चित्रकूट क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थल सिद्धा पहाड़ में निश्चर विहीन धरती करने का प्रण लेते हुये प्रभु श्रीराम की विशाल नवनिर्मित प्रतिमा और सिद्धा पहाड़ को धार्मिक स्थल के रुप में विकसित करने के लिये किये गये विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर सिद्धा धाम में सुंदरकांड का पाठ किया गया तथा हवन-पूजन उपरांत पहाड़ की सीड़ियों तथा प्रवेश द्वार पर दीप मालिकाओं में दीप प्रज्वलित किये गये। सांसद गणेश सिंह ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में कहा कि चित्रकूट क्षेत्र में जहां प्रभु श्रीराम साड़े ग्यारह वर्ष तक वनवास में रहे हैं। वहां इस क्षेत्र में अनेक ऐसे भगवान राम से जुड़े अनेक तीर्थस्थल हैं, जिनका उल्लेख शास्त्रों में भी मिलता है। राम वन पथ गमन न्यास की चित्रकूट में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भगवान राम के वन गमन के सभी मार्गों को तीर्थ स्थल के रुप में विकसित करने का निर्णय लिया है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के भीतर रामवन पथ गमन के तीर्थ स्थलों में सतना जिले के स्थल सबसे ज्यादा हैं। उन्होने कहा कि सिद्धा पहाड़ के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा को देखते हुये इसका नामकरण सिद्धा धाम के रुप में किया जा रहा है। चित्रकूट क्षेत्र में सिद्धा धाम का विकास एक पवित्र तीर्थ स्थली के रुप में किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रभु श्रीराम आज अपनी अयोध्या में विराजे हैं। यह अद्भुत पल नये युग का सूत्रपात कर रहा है। इसके पूर्व अनुविभागीय अधिकारी फॉरेस्ट मझगवां ने बताया कि सांसद श्री सिंह



के प्रयासों से 5 जून 2023 को सिद्धा पहाड़ के संरक्षण के लिये 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। कार्यकारी एजेंसी वन विभाग ने इस पहाड़ को 10 हेक्टेयर क्षेत्र में फेन्सिंग, एक किलोमीटर परिक्रमा पथ का निर्माण और पहाड़ की चोटी पर जाने के लिये रेलिंग सहित 180 सीड़िया भी बनवाई है। इन सीढियों पर रामचरित मानस का वृतांत, चौपाइयां, दोहे भी अंकित कराये गये हैं। उन्होने बताया कि जनसहयोग एवं अन्य मदों से पहाड़ की चोटी पर प्रभु श्रीराम की ''निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह'' को प्रदर्शित करते हुये आकर्षक प्रतिमा भी स्थापित की गई है। सांसद श्री सिंह और विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार ने सिद्धा धाम की चोटी पर पहुंचकर प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के सम्मुख हवन-पूजन और दीप प्रज्वलन कर प्रतिमा का लोकार्पण किया। सिद्धा पहाड़ पर पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर ग्रामीणजनों द्वारा पूरे सिद्धा पहाड़ पर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, डीएफओ विपिन पटेल, एसडीएम जितेंद्र वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## पिपरई तहसील के अंतर्गत आने वाले रमखिरिया ग्राम में राम जानकी के मंदिर पर स्वर्ण मंगलसूत्र सह परिवार भेंट किया



**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोधी परिवार के नेतृत्व राम जानकी के मंदिर पर स्वर्ण मंगलसूत्र भेंट किया और परिवार की ओर से ग्राम में सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान वंदे मातरम जय श्री राम के उद्घोष के साथ ही घोष यंत्र के ध्वनि पर रामभक्त झूमते रहे। शोभा यात्रा ग्राम के मुख्य मार्ग से प्रारंभ होकर विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया। जनपद सदस्य एवं पूर्व सरपंच मुकेश लोधी और सह परिवार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे

## आज मुंगावली नगर सहित क्षेत्र में भगवान श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठ के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए।



जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़ चढकर भाग लिया क्या महिला क्या पुरुष क्या बच्चे जिसमें पूरा शहर ही भगवान राम लला के स्वागत में सड़कों पर उत्तर आया धूमधाम से राम ईच्छा कुटी से श्री रामलीला मंच मुंगावली पुराना बाजार तक जुलूस निकाला गया 500 वर्षो के बाद जब प्रभु श्री रामलला निज भवन में पधारे इसके पहले कई भी इतना विशाल जुलूस नगर में कभी नहीं निकला, दिगंबर जैन समाज वीर सेवा दल की मुगावली ने भी भाग लिया जिसमें और मनमोहन स्थिति पर प्रस्तुत हुई, साथ में बालिकाओं ने विभिन्न प्रस्तुति दी कार्यक्रम में चल समारोह में समाज के सभी वर्गो ने आतिशबाजी ढोल धमाकों के साथ चल समारोह में भाग लिया एवं बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने भारी उत्साह दिखाई दिया।

## जिले के तुर्रीधाम में जिला स्तरीय रामोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित



सक्ती,अयोध्या के राम मंदिर में आज प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसको लेकर जिले के सभी राम भक्तों में भारी उत्साह का माहौल दिखा। आज पूरे प्रदेश सहित जिले में रामोत्सव को दिवाली की तरह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्ती जिले के धार्मिक स्थल तुर्रीधाम में जिला स्तरीय रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तुर्रीधाम स्थित राम मंदिर में श्री रामलला का पूजा पाठ कर रामायण का मंचन किया गया। आज रामोत्सव के अवसर जिले के गांव गांव, शहर शहर सभी लोग राम भक्ति में सराबोर दिखे और पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा। आज रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू, श्रीमती विद्या सिदार जिला पंचायत सभापति, श्री राम नरेश यादव, श्री चितरंज पटेल, सरपंच, पंच, ग्रामीणजन एवं अन्य जनप्रतिधि सहित अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र कुमार लकड़ा, जिला कोषालय अधिकारी श्री दशरथ सोनी, सयुंक्त कलेक्टर श्री के.पी पैकरा, एडिशनल एसपी श्रीमती गायत्री सिंह , श्री पंकज डाहिरे एसडीएम सक्ती, श्री बी.पी भारद्वाज जिला पंचायत नोडल अधिकारी, श्री संजय सिंह सहायक आयुक्त आदिम जनजाति विभाग, श्री बी.एल खरे जिला शिक्षा अधिकारी, श्री हरी पटेल सहायक खेल आधिकारी, श्रीमती श्याम कंवर महिला बाल विकास सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## राम आएंगे चंपावती चाचौड़ा में उत्साह देखने को मिला



**योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे**

चंपावती नगरी में अयोध्या राम मंदिर एवं श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह चंपावती नगरी में देखने को मिला महिला पुरुष एवं बच्चों ने रंगोली बनाकर चंपावती नगरी को अयोध्या की तरह सजाया गया हर गली मोहल्ले में उत्साह देखने को मिला राम भक्तों द्वारा स्वयं के संसाधनों से नगर को सुसज्जित किया मस्जिद वाली गली को सुसज्जित करने में सभी मोहल्ला वासियों का सहयोग रहा महिला पुरुष एवं बच्चों ने गलियों को सुसज्जित किया वार्ड क्रमांक 5 लखेरा मोहल्ला को सुसज्जित करने में समाज से भी दिलीप सोनी जी एवं राजोरिया परिवार का सहयोग रहा पूरे मोहल्ले को राम मय किया गया पूरी रात रंगोली एवं झंडिया बांधी गई चंपावती में ऐतिहासिक सजावट नागरिकों द्वारा की गई प्रशासन नागरिकों के उत्साह के समक्ष बोना नजर आया

## सत्ता के स्वार्थ में विचारधारा हुई शून्य, इसलिये थामा भाजपा का दामन : दीपक शर्मा

मुरैना ! अभी हाल ही में कांग्रेस के पूर्व विधायक राकेश मावई ने सत्ता के स्वार्थ के चलते भाजपा का दामन थाम लिया है, इससे उनका चाल, चरित्र व चेहरा सबके सामने आ चुका है, ऐसे लोगों के लिए पार्टी या विचारधारा का कोई महत्व नहीं है, वो केवल अपने निजी स्वार्थ सिद्धि की राजनीति करते हैं। अन्यथा पार्टी ने उन्हें क्या नहीं दिया। वह भूल गये कि किस तरह मुरैना की जिस जनता ने भाजपा की विचारधारा और नीतियों के विरोध में कांग्रेस पार्टी के चेहरे पर मुरैना की जनता ने चुनाव जिताकर विधानसभा भेजा था। कांग्रेस पार्टी ने उन पर विश्वास करते हुए 10 वर्ष पार्टी जिलाध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद की जिम्मेदारी आपको दी। विगत नगरनिगम चुनाव 2022 में इनकी पार्टी विरोधी गतिविधियां पूरे मुरैना को पता है, की किस तरह विधायक रहते हुए भी वे महापौर चुनाव में पार्टी को हराने के काम मे लगे रहे। यह सारी बातें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की निड़ाहों में भी थी । माननीय कमलनाथ जी पर जिस तरह राकेश मावई आरोप लगा रहे हैं, जबकि राकेश मावई को कमलनाथ जी ने उपचुनाव में कांग्रेस से टिकट दिया था, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को इनके बारे में पता चला कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से पूर्व विधायक राकेश मावई का सम्पर्क हैं और वह भाजपा में जा सकते हैं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में इनका भारी विरोध होने व पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण ही सिटिंग विधायक राकेश मावई का टिकट 2023 में पार्टी ने काटा था। टिकट कटने के बाद जो बड़बोली बातें इन्होंने मीडिया के माध्यम से कही थीं कि, क्या मेरा कसूर यह था कि मेने उपचुनाव में मुरैना की शीट जीताकर कांग्रेस को दी, तो इनके इस मुगालते को भी मुरैना की जनता ने राकेश मावई के खुलकर विरोध करने के बाद भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को इक्कीस हजार से भी अधिक वोटों से जिताकर झूंठा साबित कर दिया। और फिर विचार करने वाली बात यह भी है कि यदि ये विधानसभा टिकट कटने से आहत हुए थे इसलिए पार्टी छोड़ दी

# मुख्यमंत्री को क्या याद दिलाना होगी कि वे गृहमंत्री भी हैं? मा. क. पा

**भोपाल** -- मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव जब अपनी सरकार को भजन कीर्तन मंडली में तबदील कर खुद भी धर्मनिरपेक्ष और संवैधानिक जिम्मेदारियों को भूल कर सिर्फ धर्म की रट लगा रहे हैं, तब शायद वे भूल रहे हैं कि गृह मंत्रालय भी उन्हीं के पास है और प्रदेश में कानून व्यवस्था की बहाली और नागरिकों की सुरक्षा भी उन्हीं की जिम्मेदारी है।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने रीवा मे अपने अल्प प्रवास के दौरान जारी वक्तव्य में उक्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अब हालत यह हो गई है कि प्रदेश के नागरिक ही नहीं बल्कि पुलिस भी असुरक्षित हो गई है। छिंदवाड़ा में एक ए. एस. आई. की चार पहिया वाहन से कुचल कर हुई हत्या के बाद सिवनी में चोर को पकड़ने गई पुलिस पर हुई फायरिंग से प्रधान आरक्षक अपराधियों की गोली से शहीद हो गए हैं। इन घटनाओं से साफ है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हो गए हैं।माकपा नेता ने कहा है कि कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति का दूसरा उदाहरण प्रदेश में बच्चियों की ब? रही असुरक्षा है। पिछले दिनों राजधानी भोपाल में एक बच्ची के साथ अपराधियों ने कार में बलात्कार किया। इसके पश्चात धार मे परीक्षा देकर महाविद्यालय से बाहर आ रही छात्रा का अपहरण कर लिया गया। इसके बाद इंदौर में एक मासूम बच्ची को उल्टा टांग कर लाल मिर्ची को जलाकर सांस लेने को मजबूर करना और गर्म सलाखों से दागना दिल दहलाने वाली घटना है।जसविंदर सिंह ने कहा है कि अपनी पार्टी के साम्प्रदायिक और संविधान विरोधी प्रचार में मुख्यमंत्री इतने व्यस्त हैं कि उन्हें शायद याद ही नहीं है कि वे गृहमंत्री भी हैं।माकपा नेता ने कहा है कि मुख्यमंत्री को अपनी पार्टी के प्रचारक की भूमिका से ऊपर उठकर प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बहाली के लिए भी काम करना चाहिए।

# दुनिया के महान नेता, समाजवादी क्रांति के महानायक लेनिन की स्मृति शताब्दी मनाई गई

**कैलारस** – दुनिया के महान जननायक समाजवादी क्रांति के योद्धा वी आई लेनिन, जो सोवियत संघ के पहले राष्टपति बने, उनकी स्मृति शताब्दी मनाई गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अखिलेश यादव ने कहा कि रूस की क्रांति जो लेनिन के नेतृत्व में हुई, उसने पूरी दुनिया में उपनिवेशिक व्यवस्था की चूल्हें दिला दीं। दुनिया में बुनियादी परिवर्तन हुए एक तिहाई दुनिया में समाजवादी व्यवस्था कायम हुई। लूट का राज समाप्त हुआ। जनता को शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, भोजन, आवास का बुनियादी अधिकार मिला।



हमारे देश में ब्रिटिश साम्राज्य का अंत हुआ। पूरी दुनिया में परिवर्तन की लहर चली। सामंतवाद, जारशाही और उपनिवेशवादी व्यवस्था का अंत हुआ। दुनिया ने खुली हवा में सांस ली। इसमें सोवियत संघ और लेनिन के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। आज दुनिया में जिस तरह की चुनौतियां है, उसके खिलाफ हमें आगे आना होगा। उन्होंने बुनियादी परिवर्तन के लिए सभी से आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में विषय पृवर्तन माकपा कैलारस नगर कमेटी के सदस्य वरिष्ठ नेता माता प्रसाद शर्मा ने किया। अध्यक्षता किसान नेता उदयराज सिंह ने की।

इस आयोजन में सर्वश्री अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, राजेश गुप्ता, राजवीर सिंह, राजीव गुप्ता ,हंसराज शर्मा, सुरेश धाकड़, कन्हैयालाल ,भौंरूलाल धाकड़, सियाराम सिंह, इब्राहिम शाह, मनोज धाकड़, राम लखन सिंह धाकड़ सिंचाई अध्यक्ष, बाबूलाल शाक्य , रामबाबू शाक्य ,जगन्नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। सभी ने लैनिन के योगदान को याद करते हुए उनके अमर रहने के नारे लगाए। इस तरह के आयोजन स्मृति शताब्दी वर्ष में साल भर सभी जगह किए जाएंगे।

# माता बहरारा में गरीबों और असहाय बेसहाराओं को किया वस्त्र दान स्वरुचि भोज कराया

## वैश्य महासम्मेलन इकाई सबलगढ़ के तत्वाधान में बेसहारा लोगों को दिये वस्त्र

**सबलगढ़** -- सबलगढ़ वैश्य महासम्मेलन इकाई सबलगढ़ के तत्वाधान में कई वर्षों से लगातार बेसहारा गरीबों एवं आदिवासियों को तन ढकने के लिए कई आदिवासी गांवो में पहुंचकर हाडकांपती ठंड के बचाव हेतु ऊनी गर्म वस्त्रका दान किया। वैश्य समाज के 40 से 50 सभी सदस्यों ने अपने परिवारों के साथ इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता दी साथ ही सभी ने सहयोग राशि भी प्रदान की। मकर संक्रांति के महापर्व पर यह पुनीत कार्य तिल एवं वस्त्र दान के साथ बच्चों को भी स्वल्पाहार के रूप में नमकीन एवं बिस्किट दिए गए जिसमें बच्चों के साथ महिला बुजुर्ग, युवा, युवतियों को भी माता प्रांगण में स्वरुचि भोज दिया गया। बेसहारा बुजुर्गों को कंबल, ऊनी जाकिट , इनर, मोजे, टोपा, कोट, जीन्स पैन्ट, शर्ट, साड़ियां, सलवार सूट का वितरण किया गया। यह कार्य किडीज होम स्कूल के संचालक नीरज बजाज के साथ मिलकर सभी सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी जिसमें उन्होंने अपनी ही स्कूल बस के द्वारा सभी साथियों को वैहरारा माता पर ले जाया गया वहां सभी सदस्यों द्वारा माता के दर्शन एवं परिक्रमा धूप दीप प्रसाद चढ़ा कर उनकी पूजा अर्चना की इसके बाद बेसहारा आदिवासियों के लिए पुनीत



कार्य किया। इसके बाद चेंटीखेड़ा, नवलपुरा, आस - पास के गांव में पहुंचकर मनोहर मेघवाल, संजय शर्मा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जहां चैंटी खेड़ा, से वदरेंटा तक कार्य चल रहा है इनकी टीम उसी क्षण माता वैहरारा में मिलगऐ थे तो उन्होंने भी वैश्य महासम्मेलन इकाई सबलगढ़ के साथ चैंटी खेड़ा पहुंचकर वस्त्रों का वितरण कराया। वापस लौटकर समाज के सभी लोगों ने राम हंस पैलेस में रात्रि विभिन्न प्रकार का स्वरुचि भोज किया और नव वर्ष मिलन समारोह कैलाश मित्तल वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जोरा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। यह पुनीत कार्य कई वर्षों से वैश्य महासम्मेलन करता रहा है। जिससे प्रत्येक सदस्य को गरीब लोगों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है नीरज बजाज ने कहा कि वैश्य महा सम्मेलन इकाई सबलगढ़ के द्वारा ऊनी वस्त्र, कंबल बच्चों, युवाओं एवं युवतियों के कपड़े जिनकी उनको आवश्यकता है उनको हमारे वैश्य सम्मेलन इकाई द्वारा उनके गांव में पहुंचकर यह सेवा की जाती है। हमारे सभी सदस्य अग्रदूत बनाकर उनकी सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य समाज को भी ऐसे पुनीत कार्य करना चाहिए जिससे बेसहारा गरीब, असहाय लोगों को उसका लाभ मिल सके यही ईश्वर की सच्ची सेवा होती है केवल ईश्वर की सेवा मंदिरों में जाकर पूरी नहीं होती है बल्कि दुखियों दीन दुखी बेसहारा लोगों को तन मन और धन से मदद करना और किसी की आत्मा को न दुखाना ईश्वर की यही सच्ची सेवा है?। कलयुग में धरती पर दुखों से छुटकारा पाने और लंबी उम्र का यही सबसे सरल उपाय है

# आज जन अभियान परिषद ने दिखाई गाथा श्री राम मंदिर की

**सबलगढ़** -- मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सबलगढ़ जनपद पंचायत सभागार में गाथा श्री राम मंदिर की कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं सीएम सीएलडीपी छात्र एवं छात्राओं और मेंटर्स और प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर गाथा श्री राम मंदिर की प्रस्तुति को दिखाया गया। जिसके माध्यम से सभी को पता चला कि राम मंदिर का संघर्ष लगभग 500 वर्ष पुराना है जो अब जाकर 22 जनवरी को हमारे आराध्य प्रभु भगवान श्री राम लला अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर फिर से विराजमान होने जा रहे हैं। हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जो इस भव्य राम मंदिर के साक्षी होंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती वन्दना सगर, नवांकुर संस्थाओं से धर्मेन्द्र राठौर, शशिकांत मरैया, मुनेन्द्र जादौन, योगेन्द्र जादौन तथा मेंटर्स महेश शाक्य, मुकेश जाटव, वर्षा जादौन,धीरज जादौन एवं ओमवती जाटव आदि मौजूद रहे।इस पूरे आयोजन में एसडीएम कार्यालय, जनपद कार्यालय व सीएम राइज स्कूल का भी सहयोग रहा।



# योजनाओं का लाभ लेने से पात्र हितग्राही वंचित न रहे पाये -डां अवधेश प्रताप सिंह



**मेहगांव** -- केन्द्र सरकार द्वारा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी के तहत शुक्रवार को मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भारौली खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचीयात्रा में जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता पुष्पलता/डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने योजनाओं के माध्यम से लोगों की जिन्दगी बदलने का कार्य किया है। केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर गरीब कल्याण के लिए कई कार्य कर रही है। कई हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। इसलिये मोदी जी ने इस यात्रा के माध्यम से अपनी गारंटी के रथ भेजे हैं। आपकी सरकार आपके द्वार आपकी योजनाओं को लेकर आयी हैं।मेरा आप सभी से आग्रह हैं कि जो पात्र हितग्राही योजनाओ का लाभ नही ले पाए हैं। अपना आवेदन संबंधित अधिकारी को देकर योजनाओ का लाभ प्राप्त करें।यात्रा के दौरान प्रचार रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो प्रसारित किया गया जिसे उपस्थित ग्रामीणजनों ने देखा और सुना।कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया गया। यात्रा मे ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव,हर विभाग के अधिकारी,कर्मचारी,गांव के बुर्जुग,महिलाएं,युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# 20 किलो 770 ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ क्राईम ब्रांच व थाना जनकगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

## एक्टिवा सवार दो तस्करों को पकड़कर उसके पास से 20 किलो 770 ग्राम गांजा कीमती लगभग साड़े दो लाख रूपये का किया जप्त

**ग्वालियर** -- पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध शराब व मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 20.01.2024 को क्राइम ब्रांच को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना जनकगंज क्षेत्रान्तर्गत लक्ष्मीगंज एरिया में दो व्यक्ति ग्रे कलर की एक्टिवा पर एक बोरी में गांजा लिए हुए बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। मुखबिर की उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व/यातायात/अपराध) श्री ऋषिकेश मीना,भापुसे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान को क्राईम ब्रांच व थाना जनकगंज पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर गांजा तस्करों को पकड़ने के लिये निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षियाड़ के.एम.,भापुसे एवं डीएसपी अपराध द्वितीय श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमरसिंह सिकरवार एवं थाना प्रभारी जनकगंज निरीक्षक विपेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा क्राईम व थाना जनकगंज पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर के बताये स्थान मरघट रोड, लक्ष्मीगंज के पास भेजा गया। पुलिस टीम को मरघट रोड लक्ष्मीगंज के पास आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग प्रारम्भ की। कुछ समय बाद पुलिस टीम को एक ग्रे कलर की क्ति एक्टिवा क्रमांक एमपी07-जेडके-6168 आती दिखी। पुलिस की चेकिंग देखकर उन्होने एक्टिवा लौटाने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा एक्टिवा सवार दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्धों के नाम पता पूछने पर एक ने संजय नगर पानी की टंकी के पास एवं दूसरे ने जटार गली लक्ष्मीगंज का होना बताया। एक्टिवा पर रखी प्लास्टिक की बोरी को खोलकर चेक किया गया तो उसमें गांजा भरा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा साक्षियों के समक्ष तस्करों से मिले गांजे की तौल करने पर कुल 20 किलो 770 ग्राम गांजा कीमती लगभग 02 लाख रूपये का पाया गया, जिसे विधिवत् जप्त किया गया। पकड़े गये तस्करों से गांजे के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये तस्करों के विरूद्ध थाना जनकगंज में अप.क्र. 51/24 धारा 8/20 एनडीपीएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त मशरूका**–कुल 20 किलो 770 ग्राम गांजा कीमती लगभग 02 लाख रुपये एवं एक एक्टिवा

**मुख्य भूमिका**–क्राईम ब्रांच टीम- थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक अमर सिंह सिकरवार, उप निरीक्षक राहुल अहिरवार, सउनि राजीव सोलंकी, आरक्षक अनिल कुमार, अरुण पवैया, रामवीर सिंह, सुमित शर्मा, रणवीर शर्मा, मनीष कटारे, म0आर0 भानुप्रिया।

# जीन फील्ड वासियों द्वारा 5100 दीपकों का सामूहिक प्रज्वलन होगा

## श्री राम मंदिर में आज राम लला श्री राम की झांकी के होंगे दर्शन किडिज ग्रुप आफ स्कूल ग्रेस एवं संदीपनी स्कूल द्वारा भव्य दिव्य अलौकिक शोभा यात्रा आज निकलेगी

सबलगढ़ -- श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री राम मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है और भरपूर प्रकाश की व्यवस्था भी की गई है।किडिज ग्रुप आफ स्कूल एवं ग्रेस व संदीपनी स्कूल द्वारा भव्य दिव्य अलौकिक शोभा यात्रा आज विभिन्न मार्गो से होकर श्री राम मंदिर में प्रवेश करेगी। किड्स ग्रुप आफ स्कूल की शोभा यात्रा 11꞉30 बजे मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से संतर नंबर 1,2,3,4,5, से दीवान पैलेस तक पहुंचेगी। वहां से श्री राम मंदिर में प्रवेश करेगी इसी प्रकार ग्रेस व संदीपनी स्कूल की शोभायात्रा सुबह 9꞉00 बजे माता मंदिर चंबल कॉलोनी से प्रारंभ होकर सभी संतरो से गुजरते हुए श्री राम मंदिर में प्रवेश करेगीड़ वहां पर रामलला श्री राम की झांकी के भक्तों एवं श्रद्धालुओं को दर्शन होंगे। तत्पश्चात श्री राम मंदिर में महा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा जिसमें क्षेत्रीय विधायक सरला विजेंद्र रावत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। स्थानीय प्रशासन वीरेंद्र कटारे एसडीएम की देखरेख में अन्य कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।आज ही के दिन जीनफील्ड वासियों द्वारा श्री राम मंदिर से श्री राम की शोभायात्रा जीन फील्ड तक पहुंचेगी वहां 5100 दीपक भक्तों द्वारा प्रज्वलित किए जाएंगे। श्री राम का स्वागत सत्कार करके उनकी महा आरती के दर्शन होंगे बाद में सुंदरकांड वाचन एवं भजन संध्या कीर्तन के बाद श्रीराम भगवान की राम भाजी अन्नकूट प्रसादका वितरण किया जाएगा। स्कूल के संचालकों नीरज बजाज, अजय बंसल एवं जीन फील्ड नगर वासियों भक्तों ने सभी भक्त एवं श्रद्धालुओं से दीप यज्ञ एवं सुंदरकांड वाचन एवं शोभा यात्रा में सम्मिलित होने की पुरजोर अपील की है।




# राम आराध्य हैं...राष्ट्र आराधन

सीहोर। राम देश के आराध्य हैं लेकिन देश या राष्ट्र उसकी आराधना है। शालाओं में केवल शिक्षा दी जाती है लेकिन सेंट मेरी रेसिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल में संस्कार भी दिए जा रहे हैं। उक्त उद्गार रामायण केंद्र सीहोर इकाई द्वारा आयोजित राम मंदिर के पुजारियों के सम्मान समारोह में राठौर समाज गंज राम मंदिर के पुरोहित पंडित वासुदेव शर्मा ने व्यक किए। इस अवसर पर कार्यक्रम को आचार्य पंडित अनिल शास्त्री जी द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में राम मंदिर मंडी के पुजारी और कथावाचक बाबूदास वैरागी सहित सीताराम आश्रय गोतीर्थ के बटुक पुजारियों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पुजारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम भक्ति भजन का गायन हरिओम शर्मा दाऊ ने किया और साहित्यकार आकाश माथुर एवम बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने संबोधित किया। पुजारियों का सम्मान रामायण केंद्र के संतोष जैन संतु, आनंद भैया गांधी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता, राजेंद्र नागर , जितेंद्र राठौर ने किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शैलेश तिवारी और आभार प्रदर्शन जयंत शाह ने किया। मौके पर सेंट मेरी स्कूल के संचालक मनीष तिवारी ने पुजारियों और रामायण केंद्र के सदस्यों का स्वागत किया। छात्रों के बीच इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने का आग्रह प्राचार्य बाबू एंटोनी द्वारा किया गया। राष्ट्र भक्ति और राम भक्ति के गीतों को छात्रों द्वारा भी गाया गया।






# अयोध्या श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर में नचनौरा राम मंदिर में श्री राम चरित मानस पाठ का हो रहा आयोजन

सतना जिले के नचनौरा राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम मंदिर नचनौरा में मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और राम मंदिर में श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया है





# जिला शिवपुरी की तहसील पोहरी के ग्राम ऐंसवाया में दिनांक 21/01/2024 को संत रामपाल जी महाराज जी का सतसंग सम्पन्न हुआ।



जिसमें संत रामपाल जी महाराज ने बताया कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य भगवान की प्राप्ति कर मोक्ष पाना होता है उन्होंने बताया कि पवित्र गीता अ.9 के श्लोक 23,24 में कहा है कि जो व्यक्ति अन्य देवी देवताओं को पूजते हैं वे भी मेरी (काल ब्रह ) की पूजा ही कर रहे हैं परन्तु उनकी यह पूजा शास्त्र विरुद्ध है और आगे बताया गीता अध्याय 9 के श्लोक 25 में कहा है कि देवताओं को पूजने वाले देवताओं को प्राप्त होते हैं, पितरों को पूजने वाले पितरों को प्राप्त होते हैं, भूतों को पूजने वाले भूतों को प्राप्त होते हैं अर्थात भूत बन जाते हैं शास्त्र विधि से भक्ति करने के लिए पढ़ें पुस्तक ज्ञान गंगा। उनसे निशुल्क नाम दीक्षा लेने के लिए मिसकोल करें 8193819381 पर।संत रामपालजी महाराज जी के शिष्य सुघरसिंह दास,सोनू दास, रघुवीर दास, लवलेश दास, दीप्ति दासी और सर्व संगत मौजूद रहीजीव हमारी जाति है मानव धर्म हमारा।हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारा।

# विश्वकर्मा जन संगठन का किया विस्तार भगवान विश्वकर्मा प्राकट्यउत्सव पर होगा भव्य आयोजन

महेंद्र शर्मा उप संपादक
पुष्पांजलि टुडे

**ग्वालियर** - विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश द्वारा ग्वालियर में कल दिनांक 21 जनवरी 2024 रविवार को गुड़ा - गुड़ी का नाका स्थित गुड़ा पिपरी में विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एड.रामसेवक विश्वकर्मा जी के निवास स्थल पर बैठक रखी गई ।जिसकी अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी परम सम्माननीय बाबूजी श्री हरिसिंह गौर (रिटायर्ड अकाउंट आफिसर) जी द्वारा की गई ।साथ ही समाज द्वारा 22 फरवरी 2024 को भगवान् विश्वकर्मा जी के प्रकाट्योत्सव के शुभ अवसर पर समाज के सभी लोगों द्वारा विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश के नेतृत्व में ÷भव्य चल समारोह एवं प्रतिभाओं का सम्मान÷ कार्यक्रम टाउन हॉल महाराज बाड़े या मेडीकल सभागार पर करने की सहमति बनी ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा से राज्यसभा सांसद परम सम्माननीय बाबूजी श्री रामचंद्र जांगड़ा जी के नाम पर सभी की सहमति बनी दिल्ली चलकर हुत ही जल्द अतिथियों से मुलाकात करने की बात हुई ।साथ ही संगठन का विस्तार किया गया जिसम

1. श्री हरि सिंह गौर जी (विश्वकर्मा) प्रदेश संरक्षक विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश
2. एड.श्री रामसेवक विश्वकर्मा जी जिला संरक्षक ग्वालियर महानगर
3.श्री जगत सिंह विश्वकर्मा जी जिला



संरक्षक ग्वालियर महानगर 4.श्री रमेश विश्वकर्मा जी जिला संरक्षक ग्वालियर महानगर
5.श्री नाथूराम विश्वकर्मा जी जिला संरक्षक ग्वालियर महानगर
6.श्री बालकिशन विश्वकर्मा जी जिला संरक्षक ग्वालियर महानगर
7.श्री टिंकू विश्वकर्मा जी जिला अध्यक्ष ग्वालियर महानगर
8.श्री रामनारायण विश्वकर्मा जी जिला उपाध्यक्ष ग्वालियर महानगर
9.श्री रवि विश्वकर्मा जी जिला महासचिव ग्वालियर महानगर
10.श्री राजेश विश्वकर्मा जी जिला महासचिव ग्वालियर महानगर
11.श्री रामबरन विश्वकर्मा जी जिला संगठन मंत्री ग्वालियर महानगर
12.श्री अजय विश्वकर्मा जी जिला सचिव ग्वालियर महानगर
13.श्री महेंद्र विश्वकर्मा जी जिला सचिव ग्वालियर महानगर
14.श्री भारत विश्वकर्मा जी जिला सचिव ग्वालियर महानगर
15.श्री रामरूप विश्वकर्मा जी जिला सचिव ग्वालियर महानगर
16.श्री पवन विश्वकर्मा जी जिला मीडिया प्रभारी ग्वालियर महानगर
17.श्री गोपी विश्वकर्मा जी प्रचार मंत्री ग्वालियर महानगर
18.श्री सोनू विश्वकर्मा जी विधि सलाहकार ग्वालियर महानगर
19.श्री रमेश विश्वकर्मा जी जिला कार्यकारिणी सदस्य ग्वालियर महानगर
20.श्री पूरन विश्वकर्मा जी जिला कार्यकारिणी सदस्य ग्वालियर महानगर
21.श्री नारायण विश्वकर्मा जी जिला कार्यकारिणी सदस्य ग्वालियर महानगर
22.श्री रघुवीर शरण विश्वकर्मा जी जिला कार्यकारिणी सदस्य ग्वालियर महानगर इत्यादि लोगों की नियुक्तियां प्रदेश एवं सम्भागीय पदाधिकारीयो की सहमति से संगठन के प्रदेशाध्यक्ष श्री मनोज विश्वकर्मा जी की अनुशंसा पर की गई तथा समाज के सभी लोगों द्वारा नवनियुक्त सभी पदाधिकारीयो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आशा है कि आप सभी लोग समर्पण,अनुशासन,ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ समस्त विश्वकर्मा समाज को एकजुट कर आपस में सामंजस्य बनाकर संगठन द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करेंगे ।

जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्तागण एवं समाज के सभी वरिष्ठजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की स्मृति को चिरकाल तक स्थाई बनाए रखने हेतु ÷सृष्टि सेवा संकल्प÷ द्वारा रामलला बीजारोपण महोत्सव मनाया जा रहा है दिनांक 22 जनवरी को अपने घर पर राम नाम के बीच का बीजारोपण श्री राम जय राम जय जय राम के जाप के साथ करना है इस शुअवसर पर श्री हरिसिंह जी गौर द्वारा सभी को बेलपत्र के वीज विधि पत्रिका के साथ वितरित किए।

# रामधुन में मगन हुआ गांव और शहर शीतला माता टीम ने किया रामधुन - यात्रा का विशाल आयोजन

## शोक निवारण है राम नाम : फ़ौजी सतेन्द्र



ग्वालियर।शीतला माता टीम के आह्वान पर शहर और गांव में विशाल रामधुन यात्रा निकाली गई जिसमें ढोल मंजीरे बजाते हुए भक्तजन राम गुणगान करते हुए चल रहे थे । टीम के संयोजक सतेन्द्र सिंह घुरैया के अनुसार 22 जनवरी को गांव के सभी घरों और मंदिरों पर शीतला माता टीम के दस हजार से अधिक स्वयंसेवक सवा लाख दीप जलाकर भगवान श्री रामलला के गर्भगृह प्रवेश की खुशी का इजहार करेंगे । टीम के उपसंयोजक इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह घुरैया, सूरजभान सिंह गुनिया चाचा , जीतेन्द्र सिंह, ऊदल सिंह ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए दीन-दुखियों को भोजन और गर्मी कंबल तथा स्वेटर बांटने का एलान किया है । फौजी सतेन्द्र सिंह घुरैया के अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्रेरणा पाकर टीम ने यह संकल्प संजोया है !

# एबीवी :आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर के लेडीज क्लब के द्वारा श्री राम लला की वंदना एवं द्वीप प्रज्ज्वलन

ग्वालियर-एबीवी ‑ आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर के लेडीज क्लब के द्वारा श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री राम जी की पूजन आरती एवं दीप प्रज्वलन किया गया । इस अद्वितीय एवं अनुपम अवसर पर लेडीज़ क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती वंदना सिंह सेक्रेटरी श्रीमती माधुरी पटनायक एवं क्लब के सदस्य श्रीमती रूबी सिंह, ज्योति अग्रवाल, दीपा सिंह सिसोदिया, आरती, रिचा एवं अन्य उपस्थित रहे। सभी ने सर्वप्रथम श्री राम जी की आराधना कर एवं भजन गाकर इस अद्वितीय क्षण को अविस्मरणीय बनाया। इस उपलक्ष्य में सदस्यों के द्वारा मनोरम रंगोली भी बनाई गई, जिसे पुष्प एवं द्वीपों से सुसज्जित किया गया । सभी ने *श्री राम जी का हमारे जीवन पर प्रभाव* के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं मनोरम भजन प्रस्तुत किए। इस उपलक्ष्य में प्रेसिडेंट वंदना सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि ऐसा लग रहा है कि एक बार फिर से हम कलयुग की जगह त्रेता युग में प्रविष्ट हो रहे हैं । उन्होने अपने पूर्व के अयोध्या प्रवास के दौरान अपने साथ हुए ईश्वरीय साक्षात्कार रूपी अनुभवों





को साझा कर सभी को प्रेरित किया। श्रीमति सिंह ने बताया कि अगर हम सच्चे हृदय से प्रभु को स्मरण करेंगे तो हमें उनके होने का अनुभव अवश्य ही होगा। उन्होंने बताया कि जो रौनक हमें मथुरा काशी में दिखाई देती है वही आज हमें अयोध्या में भी श्री राम के प्रतिष्ठित होने के बाद नजर आएगी और हम भाग्यशाली हैं कि हम ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं, अगर हम श्री राम के व्यक्तित्व के एक भी आचरण को अपना अपना लें तो हम अपने को बहुत ही धन्य समझेंगे। उन्होंने उनके प्रेरणा स्वरूप चरित्र का वर्णन कर कहा कि हमें कुछ ना कुछ श्री राम के चरित्र से धारण कर इस संसार को खुशहाल बनाना चाहिए उनके द्वारा श्री राम जी को समर्पित स्वरचित कविता प्रस्तुत की गई जिसके बोल इस प्रकार हैं ‑ *÷राम-राम जय राजा राम, राम राम जय राजा राम, भँवरों से तितली कहती , हर पत्ती पर लिख दो राम, फूलों की डाली झुक झुक कर छूना चाहे अयोध्या धाम, युग बदले ये चाह सभी की, समय की धारा में श्री राम, कलयुग को अब विदा करो, त्रेता से आ रहे हैं राम, स्वागत में तुम द्वीप जलाओ, होली और दीवाली मनाओ, नाचो गाओ झूम झूम के, देखो आ रहे हैं श्री राम÷* । सभी सदस्यों ने श्री राम के अपने जीवन में उपस्थित होने के अनुभवों को साझा किया। इन अनुभवों को सुनकर सभी भावविहवल हो उठे। लेडीज क्लब के सदस्यों ने एक सच्चे भाव से श्री राम की आराधना कर उन्हें आमंत्रित किया क्योंकि भगवान तो सर्वव्यापी है एवं सच्चे भाव के आकांक्षी हैं। श्रीमती माधुरी पटनायक ने श्री राम जी के भजन की एक बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति देकर संपूर्ण वातावरण को राममय बना दिया । उन्होंने भी श्री राम जी की पौराणिक कथा सुना कर इस भाव को प्रकट किया कि भगवान तो बस भाव के भूखे होते हैं, हम उन्हें अगर अपने घर से ही सच्चे भाव से स्मरण करेंगे तो अवश्य ही सुनेंगे, इसके लिए हमें तीर्थ करने की आवश्यकता नहीं है। श्रीमति आरती ने कंठस्थ राम चौपाईयों का गायन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात संस्थान परिसर के मंदिर में जाकर सभी ने पूजा अर्चना कर भोग लगाकर द्वीप प्रज्ज्वलित किए।

# जेयू : अखिल भारतीय भवभूति समारोह के तृतीय दिवस पर हुईं अंतर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएं

ग्वालियर। भवभूति के नाटकों से हर किसी को प्रेरणा लेने की जरूरत है उनके द्वारा लिखित सभी नाटक युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं यहां हम सबकी जिम्मेदारी है भवभूति साहित्य को संरक्षित करें।यह बात सोमवार को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के गालव सभागार में चल रहे पांच दिवसीय अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह के तृतीय दिवस पर कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ.गोविंद गन्धे ने बतौर मुख्य अतिथि कही।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेयू के छात्र अधिष्ठाता प्रो.जेएन गौतम ने कहा कि संस्कृत से ही हम भारतीय संस्कृति को जान सकते हैं। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में आज के दिन की हलचल है।विशिष्ट अतिथि के रूप में केआरजी कॉलेज की आचार्य डॉ.कृष्णा जैन और महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ.बालकृष्ण शर्मा उपस्थित





रहे।समारोह के तृतीय दिवस पर अंतर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने सरस्वर श्लोक पाठ में महावीरचरितम के श्लोक,संस्कृत भाषण में पारिवारिक संबंध, हिंदी भाषण, हिंदी वाद विवाद, संस्कृत निबंध लेखन इन पांच विधाओं में भागीदारी करते हुए अपनी कला- कौशल का प्रदर्शन किया। श्लोक पाठ में कुनिका गोस्वामी ने रघुवंशी और जनक का संबंध किसको अच्छा नहीं लगता एवं पूर्वा सिंह ने राम जी और वशिष्ठ जी के बीच के संबंध को बताया। कार्यक्रम के दौरान अमिता सेंगर ने हे मर्यादा पुरुषोत्तम फिर से आओ जी,जो भूल गए मर्यादा उनको फिर से सिखलाओ जी गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में डॉ.कृष्णा जैन, डॉ. विष्णु नारायण तिवारी,डॉ.श्यामसुंदर पाराशर,गिर्राज गुप्ता,डॉ.राजू राठौर, प्रेमशंकर अवस्थी उपस्थित रहे।आज सम्पन्न हुई प्रतियोगिताओं में हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में अंजू कुशवाह,संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में सौम्या शर्मा, सस्वर श्लोक पाठ प्रतियोगिता में पूर्वा सिंह,वाद विवाद में हिताक्षी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ.राखि वशिष्ठ एवं आभार प्रदर्शन डॉ.विकास शुक्ला ने किया। इस मौके पर टोटन मोईती, राजपाल सिंह जादौन,विजय शंकर श्रीवास्तव, रामस्नेही साहू सहित विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।पीआरओ डॉ. विमलेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि इसी क्रम में 23 जनवरी को अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

## मंत्री कुशवाह ने शहरवासियों के साथ देखा राम लला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण



**ग्वालियर।** पवित्र अयोध्या नगरी में राम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अवतरित हुए अद्भुत, अलौकिक, अकल्पनीय और अविस्मरणीय पलों का सजीव प्रसारण के साक्षी सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन कल्याण एवं उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भी बने। उन्होंने महाराज बाडे पर शहरवासियों के साथ बैठकर अयोध्या से हो रहे राम लला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखा। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर के साथ ग्वालियर नगर को भी श्रद्धाभाव के साथ लोगों ने मिलजुलकर सजाया। ग्वालियर में जगह-जगह बड़ी संख्या में भगवान श्रीराम के पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही राम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पुण्य लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा महाराज बाड़ा, अचलेश्वर मंदिर, फूल बाग चौराहा, हजीरा चौराहा एवं आदर्श गौशाला लाल टिपारा में एलईडी के माध्यम से समारोह का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई।

# संगीतधानी ग्वालियर भी अवध और जनकपुरी के रंग में रंगी, निकली भव्य कलशयात्रा

**ग्वालियर।** संगीतधानी ग्वालियर भी अयोध्या में राम लला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की बेला में भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अवध और उनकी ससुराल जनकपुरी के रंग में रंगा नजर आई। सनातन धर्म मंदिर को जनकपुरी और फालका बाजार स्थित राम मंदिर को अयोध्या धाम का रूप दिया गया था। इस अवसर पर सनातन धर्म मंदिर से गंगाजल कलश यात्रा निकली। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश के सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन कल्याण और उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कलश यात्रा में आगे ‑ आगे चल रहे रथ को खींचा इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने सनातन धर्म मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने राम लला के भव्य मंदिर निर्माण एवं उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही देश व प्रदेश की खुशहाली की



कामना की। मंत्री कुशवाह ने भी सनातन धर्म मंदिर में पूर्जा-अर्चना कर यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से सम्पूर्ण देश के साथ मध्यप्रदेश के निवासियों में विशेष उत्साह है। आज का दिन नए सांस्कृतिक अनुष्ठान के रूप में याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पुण्य अवसर प्रदेश की खुशहाली का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। कलश यात्रा में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी व चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए।

# राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पर राममय हुआ ग्वालियर





**ग्वालियर ।** अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्वालियर शहर भी राममय हो गया। इस मौके पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पूरी तरह भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबे नजर आए। उन्होंने शहर में जगह-जगह चल रहे सुन्दरकाण्ड, रामकथा पाठ, आरती और भण्डारों में हिस्सा लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आचरण को जीवन में धारण करने का आव्हान किया।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार की सुबह सर्व प्रथम बरगद वाले हनुमान जी मंदिर तिकोनिया पार्क पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और राम यात्रा में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने कांच मिल के सामने स्थित नवीन पार्क में आयोजित सुन्दरकाण्ड पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर ऊर्जा मंत्री के ज्येष्ठ भ्राता पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम देवेन्द्र सिंह तोमर भी सुन्दरकाण्ड पाठ में शामिल हुए और आरती की7 ऊर्जा मंत्री तोमर किलागेट व सराफा बाजार में सराफा व्यापारियों द्वारा आयोजित राम यात्रा में शामिल हुए और राम-जानकी मंदिर में आरती की। यहीं पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अयोध्या में आयोजित हुए भगवान श्री राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इस अवसर पर म.प्र.चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**लाइन में लगकर ग्रहण की प्रसादी** –इसी कड़ी में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के जत्ती की लाइन, दस नम्बर लाइन, पाताली हनुमान तथा वैष्णोपुरम में आयोजित भण्डारों में लाइन में लगकर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में रामधुन पर अपने कदमों को थिरकने से नहीं रोक पाए। उन्होंने मंदिर में मंजीरा और झीका बजाकर खूब रामधुन की।

# डफरन सराय गेट पर लगा श्रीराम का सबसे बड़ा होर्डिंग



ग्वालियर। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में दीपोत्सव की धूम है। सुबह से अंचल जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान है। ग्वालियर में आज धार्मिक आयोजन और भंडारों, प्रसादी वितरण का दौर चला। सभी लोग राममय दिखे। लोगों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह है। इसी बीच डफरन सराय गेट पर भगवान श्रीराम का सबसे ब?ा होर्डिंग लगाया गया। हेलोजन लाईट के फोकस से यह रात में भी रंग बिखेरता रहा। डफरन सराय गेट में अमर उजाला, यूएनआई वार्ता, सांध्यदेश डाट काम और इंडिया टूडे डाट काम के कार्यालय है। भगवान श्रीराम का होर्डिंग गेट पर लगने से इसकी शोभा में चार चांद लग गये हैं।

# आज का दिन नए सांस्कृतिक अनुष्ठान का दिन है : मुख्यमंत्री



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत दिवस का आरंभ तुलसी मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में साफ-सफाई तथा सेवा करने के बाद पूजा-अर्चना के साथ किया। मानस प्रतिष्ठान के संयोजक रघुनंदन शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मानस प्रतिष्ठान में मीडिया के साथियों से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से भारतवंशी उत्साह में हैं। देश के साथ-साथ संपूर्ण विश्व का वातावरण राममय हो गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लिए आज का दिन बहुत सौभाग्य का दिन है। भगवान श्रीराम अयोध्या में भव्य और दिव्य गृह में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के माध्यम से देश एक नए सांस्कृतिक अनुष्ठान की, एक नए पर्व की अंगड़ाई ले रहा है। मैं प्राण प्रतिष्ठा के दिव्य पलों का साक्षी बनने ओरछा रहूँगा। वहां भगवान श्रीराम, राजा के रूप में विराजमान हैं। आज के इस अवसर पर हम सब आनंद में डूबे हुए हैं पूरे देश और प्रदेश में त्यौहार का वातावरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब कामना करें कि प्रभु राम सबको सद्बुद्धि प्रदान करें, इस अवसर के माध्यम से भारत अपनी अच्छाइयों को दुनिया में प्रदर्शित करें और मानवता की सेवा में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश और आगे बढ़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया के जिन-जिन देशों में भारतवंशी विराजमान हैं, उन सभी देशों में वातावरण राममय हो गया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478